इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -199 | राजनांदगांव, गुरूवार 06 जून 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए



पैसे बीमारी ठीक होने के बाद

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक


## पीएम मोदी ने रचा इतिहास, बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए एनडीए के नेता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई बैठक में एनडीए नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर कहा, भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं।

### एनडीए की मीटिंग में क्या कहा गया

प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि, 'मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के



गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

### कौन-कौन हुए शामिल

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे, टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से चिराग पासवान, एनसीपी (अजित पवार गुट) से प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी, जेडीएस से एचडी कुमारस्वामी, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राजग 7 को नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेगा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 7 जून शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल का नेता चुना जाएगा और उसी दिन शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष वह नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार 07 जून को दोपहर दो बजे संविधान सभा (पुराने संसद भवन) के केन्द्रीय कक्ष में भाजपा सहित 15 दलों के सांसदों की बैठक में श्री मोदी को नेता चुना जाएगा। इसके बाद श्री मोदी भाजपा के अध्यक्ष और राजग में शामिल अन्य दलों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति भवन जाएंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी के शनिवार 08 जून की शाम को प्रधानमंत्री पद की पुनः शपथ लेने की संभावना है।

## मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ हमारी लड़ाई रुकेगी नहीं - इंडिया गठबंधन

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बुधवार को विपक्षी गठबंधन आईएनडीआइए की पहली बैठक के बाद कहा कि वह सरकार बनाने की पहल नहीं करेंगे बल्कि सही समय पर उचित कदम उठाएंगे।

साथ ही बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। लगभग दो घंटे की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के 'फासीवादी शासन' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

'नहीं करेंगे सरकार बनाने की पहल...', चुनाव नतीजों के बाद 'इंडी गठबंधन' की पहली बैठक में बोले खरगे



### 'यह हार पीएम मोदी की नैतिक हार है'

चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है लेकिन फिर भी इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह न सिर्फ व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि उनकी नैतिक हार भी है। खरगे ने बैठक में कहा- 'मैं इंडी गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई।'

उन्होंने कहा कि 18वें लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है।

## मोदी कैबिनेट के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का हुआ आयोजन, मेज पर दिखा कुछ ऐसा नजारा



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच जून को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 17वीं लोकसभा के निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया। विदाई रात्रिभोज में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए। राष्ट्रपति भवन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। यह रात्रिभोज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। वहीं, राष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उनसे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक अपनी भूमिका में बने रहने का अनुरोध किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने 17वीं लोकसभा भंग कर दी

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर 17वीं लोकसभा को भंग कर दिया। इसमें कहा गया है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने इस्तीफा दिया, राष्ट्रपति ने किया स्वीकार



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव रिजल्ट 2024 : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में आ गए हैं। भाजपा नीत राजग को लोकसभा में बहुमत मिल गया है। भाजपा के उम्मीदवारों ने देश में 240 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की। पार्टी बहुमत के 272 के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई है। अब सरकार के गठन के लिए उसे राजग के अपने सहयोगियों के समर्थन की जरूरत होगी। इससे पहले पार्टी ने 2019 में 303 और 2014 में 282 सीटें जीती थीं। नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 5 जून को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद सहित अपना इस्तीफा उन्हें सौंप दिया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी और मंत्रिपरिषद से अनुरोध किया है कि वे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहें।

## पीएम मोदी ने आज से लांच किया 'एक पेड़ माँ के नाम' कैंपेन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर एक कैंपेन की शुरुआत कर दी है। इस कैंपेन से पीएम की मंशा है कि देश में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। आज वर्ल्ड इनवायरमेंट डे यानी विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए आज खुद प्रधानमंत्री मोदी एक कैंपेन शुरू कर दी है। इस कैंपेंन को 'एक पेड़ माँ के नाम' दिया गया है। इसकी शुरुआत पीएम मोदी खुद एक पौधा लगाकर कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कैंपेंन की शुरुआत बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर की है। इसका उद्देश्य देश भर में अभियान चलाकर पौधारोपण करवाना है। पौधारोपण पीएम मोदी आज बुद्ध जयंती पार्क में करीबन पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री की योजना है कि इस अभियान के जरिए देश भर में पौधारोपण के प्रति लोगों जागरूक किया जाए ताकि बढ़ रहे ग्लोबल वार्मिंग से निपटा जा सके। जानकारी दे दें कि इस साल देश के कई राज्यों भीषण गर्मी की मार लोगों को झेलनी पड़ी है। इसकी को लेकर एक्सपर्ट्स ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की सलाह दी है। पहली बार कब मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को विश्वभर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पार्क में पौधा लगाकर की शुरुआत

## 400 पार का दंभ भरने वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाये- दीपक बैज



रायपुर (दावा)। लोकसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 400 पार का दंभ भरने वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाये, 10 साल के तानाशाही और गैर प्रजातांत्रिक चरित्र वाली मोदी सरकार की विदाई देश की जनता ने सुनिश्चित कर दिया है। पूरा भरोसा है प्रजातांत्रिक मूल्यों को समर्पित तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को प्रतिबद्ध समान विचारधारा वाले गैर भाजपाई दलों के साथ देश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, देश का जनादेश नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ आया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये है. हमें बेहतर परिणाम की अपेक्षा थीं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा की हैट्रिक में विष्णु के पसीने की चमक

रायपुर (दावा)। लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ तथा सीमावर्ती राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को महती जिम्मेदारी देने की भाजपा की रणनीति रंग लाई। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को हासिल कुल जमा सीटों में बड़ा हिस्सा उन क्षेत्रों का नजर आ रहा है, जहां पर श्री साय ने सघन रूप से प्रचार किया। मध्य भारत के वरिष्ठ आदिवासी नेता के रूप में श्री साय की लोकप्रिय छवि का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला नजर आ रहा है।

भाजपा ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, में करीब तीन महीनों तक लगातार चुनाव प्रचार किया। ये सभी आदिवासी क्षेत्र है तथा इन क्षेत्रों के मुद्दे एक जैसे है। अपनी चुनावी सभाओं के माध्यम से श्री साय मतदाताओं को यह समझाने में कामयाब रहे कि आदिवासी मुद्दों का समाधान केवल भाजपा ही कर सकती है। वें यह भी समझाने में सफल रहे कि जिस तरह एक आदिवासी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है, उसी तरह सभी आदिवासी क्षेत्रों के कल्याण के लिए उनकी गारंटियों पर भरोसा किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा ने कुल 240 सीटें हासिल की है, जबकि मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में पार्टी को 75 सीटें प्राप्त हुई है। श्री साय ने चुनाव की घोषणा होने से बहुत पहले ही इस सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया था। इस दौरान उन्होंने 109 जन सभाएं और 17 रोड-शो किए।

छत्तीसगढ़ में शुरूआती तीन चरणों में ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद श्री साय ने स्वयं को पड़ोसी राज्यों में चल रहे चुनाव प्रचार में पूरी तरह झोंक दिया। नवतपा की कड़ी धूप के दौरान भी उनका हेलीकॉप्टर लगभग हर रोज चुनावी आसमान पर उड़ान भरता रहा। श्री साय को जिन राज्यों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनमें भाजपा ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्लिन स्वीप किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय की मेहनत रंग लाई
- मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार से मजबूत हुआ भाजपा का जनाधार
- राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को प्राप्त कुल सीटों का बढ़ा हिस्सा साय के दायित्व वाले क्षेत्रों का

## डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ली भाजपा की हार की जिम्मेदारी

नई दिल्ली (दावा)। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम दलों में हलचल तेज है। भले ही भाजपा समेत किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला हो, लेकिन दोनों पक्ष सरकार बनाने की कवायद में जुट गए हैं। आईएनडीआइए में भी आवाज उठ रही है कि विपक्ष को सरकार बनाने की कोशिश करना चाहिए। अब कांग्रेस सरकार बनाने की कवायद करेगी या विपक्ष में बैठेंगे, इस पर आज शाम फैसला हो जाएगा। शाम को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास पर आइएनडीआइए गठबंधन के 27 दलों की बैठक होना है। बैठक में कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ ही शरद पवार, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव मौजूद रहेंगे। ममता बनर्जी नहीं आ रही हैं, लेकिन उनके स्थान पर भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी मौजूद रहेंगे। देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफे की पेशकश की महाराष्ट्र में सियासी घमासान तेज है। खबर है कि देवेंद्र फडणवीस ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए डिप्टी सीएम पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी है। पार्टी की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। क्या महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे करेंगे बड़ा खेला महाराष्ट्र से खबर है कि यहां उद्धव ठाकरे बड़ा खेल कर सकते हैं। शिंदे गुट के 7 सांसद जीतकर आए हैं। इनमें से कुछ के उद्धव ठाकरे से सम्पर्क होने की आशंका है। संजय राउत बोले हमारे पास सरकार बनाने का जनादेश शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा, भाजपा को बहुमत नहीं मिला है। उन्हें लगभग 235-240 सीटें मिली हैं वे मोदी की सरकार लाने की बात कर रहे थे। कहां है मोदी सरकार? चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की बैसाखी से अगर एनडीए सरकार बनी, तो वह कभी भी गिर सकती है। बीजेपी ने अपना सम्मान खो दिया है। हमें ऐसा प्रधानमंत्री नहीं चाहिए जिसने अपना सम्मान खो दिया हो।

मोदी ब्रांड खत्म हो गया है। बीजेपी ने जो सीटें जीती हैं, वे सभी ईडी, सीबीआई और आईटी के कारण जीती हैं। अगर वे सरकार बनाने जा रहे हैं तो उन्हें बनने दीजिए। हम इसका स्वागत करते हैं, क्योंकि यह एक लोकतंत्र है। उन्हें सरकार बनाने का अधिकार है, लेकिन फिर भी हमारे पास आवश्यक संख्या है। लोगों ने हमें 250 सीटें दी हैं और हमारे पास सरकार बनाने का जनादेश है। अगर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार तय करते हैं कि वे एक तानाशाह का समर्थन नहीं करना चाहते हैं और लोकतंत्र के साथ खड़े होना चाहते हैं, तो क्या होगा क्या वे ऐसा करेंगे?'



डिप्टी सीएम पद से इस्तीफे की पेशकश की

## इंदौर चुनाव रिजल्ट - इंदौर में तीन रिकॉर्ड, नोटा को दो लाख वोट

इंदौर। इंदौर लोकसभा चुनाव विन्नर कैंडिडेट शंकर लालवानी ने सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया है। नोटा भी दो लाख वोट के साथ रिकॉर्ड बनाकर देशभर में चर्चा का विषय बना।

### इंदौर में बने तीन रिकॉर्ड रिकॉर्ड

1. भाजपा के शंकर लालवानी को मिले 12 लाख 26 हजार 751 वोट। भाजपा ने यहां पर अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देश में सबसे ज्यादा वोट मिले।

2. सांसद शंकर लालवानी ने देश में सबसे बड़ी जीत हासिल कर ली है। जीत का अंतर 10,08,077 है। इससे पहले, 2019 में सबसे बड़ी गुजरात की नवसार सीट के नाम पर थी। वहां भाजपा के सीआर पाटिल नवसार सीट से 6.90 लाख वोटों से जीते थे।

3. नोटा को पहली बार देश में 2,18,674 ज्यादा वोट मिल गए हैं। अब तक देश में रिकॉर्ड बिहार की गोपालगंज सीट के नाम पर था। उसे 2019 में देश में सबसे ज्यादा 51,600 वोट मिले थे।

4. इंदौर का चुनाव पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। यहां पर नोटा ने सबसे अधिक दो लाख वोट लिए हैं और भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी भी देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करके इतिहास रच चुके हैं।

देश में सबसे बड़ी जीत लालवानी की




### इंदौर में बना दोहरा रिकॉर्ड

इंदौर लोकसभा चुनाव परिणाम में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उन्हें 1226751 वोट मिले हैं। इसके साथ इंदौर में नोटा को दो लाख वोट मिले हैं। इंदौर के परिणाम की देशभर में चर्चा है। इंदौर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने चुनाव से ठीक पहले नामांकन वापस ले लिया था। इस वजह से कांग्रेस इंदौर में चुनाव नहीं लड़ पाई। कांग्रेस ने जनता से अपील की थी कि नोटा पर वोट दे और अपना विरोध दर्ज करवाए। परिणाम में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी 11 लाख वोट से आगे चल रहे हैं। इससे पहले 2019 में गुजरात के नावासार सीट पर भाजपा के सीआर पाटिल ने 6,89,668 वोटों से जीत कर अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। शंकर लालवानी देश में सबसे बड़ी जीत की ओर हैं।

### नोटा का रिकॉर्ड

इंदौर ने इस बार देश में सबसे अधिक नोटा का रिकार्ड बना दिया है। नोटा को एक लाख से ज्यादा वोट मिल चुके हैं। शंकर लालवानी पांच लाख वोट से आगे चल रहे हैं। अभी देश में सबसे ज्यादा नोटा का रिकॉर्ड फिलहाल बिहार के गोपालगंज के नाम है। वर्ष 2019 के चुनाव में यहां 51,660 नोटा पड़े थे। इंदौर इस मामले में इस बार रिकॉर्ड बना सकता है।

# चौपाटी मार्ग में अंधेरे का साम्राज्य कायम, रानीसागर रोड में दीयों की जगमगाहट

**लगभग महिने भर से बंद है सड़क बत्तियां, दुर्घटना का खतरा बढ़ा**

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी के दिनों में रानी सागर क्षेत्र का चौपाटी वाला स्थल लोगों का मनोरंजन का केन्द्र बना रहता है। रानी सागर क्षेत्र के इस चौपाटी व उर्जा पार्क आदि में लोग अक्सर शाम के समय प्राकृतिक दृश्यों का आनंद व चौपाटी का मजा लेने आते है। शाम के समय लोगों का यहां मजमा बना रहता है लेकिन इस क्षेत्र की सड़क बत्तिया बंद होने से लोगों का न केवल मजा किरकिरा हो जा रहा है अपितु अंधेरा होने की वजह से कुछ अनहोनी होने का भी भय बना रहता है।



बता दे कि चौपाटी का मजा लेने लोग शाम के समय अपने यार दोस्तों व परिवार के लोगों के साथ आते है। इससे देर शाम रात तक लोगों का आना जाना बना रहता है। लेकिन लगभग महिने भर से सड़क बत्तिया बंद होने से पूरे चौपाटी क्षेत्र में अंधेरे का साम्राज्य स्थापित हो गया है। इससे लोगों को अंधेरे में किसी से टकरा जाने व सांप-बिच्छु का भय सहित चोर बदमाशों का खतरा भी बना हुआ है। कुछ लोग को देर शाम रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए कतिपय अनैतिक काम को अंजाम देने में पीछे नहीं हट रहे है। इससे यहां पर का माहौल दिन-ब-दिन खराब होते जा रहा है।

### रानीसागर मार्ग में जगमग रौशनी

रानीसागर वाला यह क्षेत्र एक ओर तो चौपाटी के पास अंधेरे में डूबा हुआ है, वही दूसरी ओर शनि मंदिर में जगमग रौशनी का नजारा देखने आ रहे है। शनि जन्मोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में रानी सागर तट स्थित शनिमंदिर की साज-सज्जा कर वहां एक लाख इक्यांवन हजार दीयों से जगमग रौशन किया जा रहा है।

बता दे कि शनिधाम मंदिर के राकेश ठाकुर, सुरेश एच लाल व रामजी भारती के संयोजन में 5 एवं 6 जून को धूमधाम के साथ शनिजयंती मनाया जा रहा है। संध्या के समय डेढ़ लाख दीयों से भगवान शनिदेव की आरती कर रानीसागर क्षेत्र को जगमग किया जा रहा है। इस दृश्य को देखने में लोगों की भीड़ जुट गई है। जिसमें नारी शक्तियां भी शामिल हो रही है। शनि जन्मोत्सव पर पौधरोपण हेतु 'मेरा पेड-मेरा परिवार' अभियान की शुरूआत की जा रही है।

दुर्घटना को आमंत्रण बता दे कि रानीसागर रोड से लगा हुआ चौपाटी रोड जहां शाम से काफी चहल-पहल शुरू हो जाती है। इस क्षेत्र में पहुंचने के लिए लोग बूढ़ा सागर वाले रोड का भी इस्तेमाल करते है। ऐसे व्यस्त मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगभग महिने भर से बंद पड़ी हुई है। गरमी के दिनों में शहरवासी थोड़ी ठण्डकता की तलाश करने व चौपार्टी का आनंद लेने लोग इस क्षेत्र में नजर आते है। ऐसे स्थान का अंधेरे में डूबा रहना किसी दुर्घटना को आमंत्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि चौपाटी क्षेत्र का अंधेरा दूर करने नगर निगम को ध्यान देना चाहिए।

# शहर में नो पार्किंग पर 34 वाहन चालकों पर कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस व यातायात विभाग द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है।

इस क्रम में बुधवार 5 जून को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, नवरतन कश्यप सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर, फौव्वारा चौक तक पेट्रोलिंग कर नो पार्किंग में खड़े कुल 34 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 10200 रूपये जुर्माना वसूला गया।

कहा गया है कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा आम जन से अपील की गई है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

# प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता ने दी बधाई




रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार एनडीए को पूर्ण बहुमत से जीत दिलाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुने जाने पर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। पिछले दस वर्षों में आपके कुशल और मजबूत नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को देशवासियों ने हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसलिए 140 करोड़ भारतवासियों ने पुनः एनडीए पर भरोसा जताया है। इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए भाजपा के सभी सहयोगी दलों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रवेश हेतु लिमिटेड सीटें

राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए पहचाने जाने वाले संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में अब कुछ कक्षाओं में सीमित सीट्स रह गई हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक पालकगण शाला कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि कुछ कंडीशंस के साथ नर्सरी की शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क दी जाएगी और इस कंडीशन के तहत पढ़ने वाले छात्रों को एक वर्ष की शिक्षा की छूट का पूर्ण बेनिफिट मिलेगा। इस योजना में सीटें सीमित है। अतः नर्सरी में प्रवेश हेतु इच्छुक पालकगण अविलंब शाला में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# पहला कॉलम...

## सनातन धर्म महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बने सदैव सेवा में अग्रणी सौरभ खंडेलवाल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सनातन धर्म महासभा की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक द्वारा संस्कारधानी राजनादगांव सनातन धर्म के रक्षक सौरभ खंडेलवाल को उनकी सनातन धर्म के प्रति सक्रियता को देखते हुए राजनांदगांव सनातन धर्म महासभा नवयुवक मंडल का छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए सनातन धर्म प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति करते हुए सनातन धर्म को सभी सनातनियों के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी दिया गया। राजनांदगांव शहर में शीघ्र ही सौरभ खंडेलवाल को शहर नवयुवक मंडल की सनातन सेना बनाने की जिम्मेदारी देते हुए इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी प्रदेश महिला अध्यक्ष मौसमी शर्मा प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह प्रदेश सचिव ममता शर्मा जिला अध्यक्ष ममता सोनी शहर अध्यक्ष अनुराधा लोहिया नियुक्ति पत्र देते हुए एवं मंजू लता जोशी, दीपा गुरु सविता जोशी मधु अग्रवाल बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राव भाट भट्ट समाज की सामाजिक वर्षगांठ 9 जून को मनाई जाएगी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश राव भट्ट/ ब्रह्मभट्ट समाज जिला राजनांदगांव का वर्षगांठ 9 जून दिन रविवार को शंकरपुर, शीतला मंदिर में मनाया जाएगा। राजनांदगांव जिला इकाई अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट ने बताया कि कार्यक्रम में पदाधिकारी द्वारा शिक्षित युवा पीढ़ी का सम्मान, मातृ शक्तियों का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, शिव वर्मा पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका निगम होंगे। पदाधिकारी गण श्रवण कुमार भाट अध्यक्ष, हुब लाल राव उपाध्यक्ष, ललित कुमार भट्ट कोषाध्यक्ष, सोमन भट्ट सचिव, पप्पू भट्ट मिडिया प्रभारी, बलराम भट्ट प्रचार मंत्री, बंशीलाल भट्ट सलाहकार सहित सामाजिक बंधुओं ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारी में जुट गए है।

## आज बजरंगपुर नवागांव मे शनि जयंती पर शनिदेव एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर एक में शनिदेव जयंती मे शनिदेव एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में चार तारीख को विधि मंत्र पूजा सुबह सात बजे एवं पांच तारीख को अभिषेक पूजा एवं छः तारीख को प्राण प्रतिष्ठा सुबह आठ बजे व दोपहर दो बजे महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के भोजराम वर्मा ने समस्त वार्डवासियों से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे उपस्थित होकर भगवान से आशीर्वाद ग्रहण करने की अपील की है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
03rd May to 06th June 2024
silver SCREEN


Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:15 pm


Mr and Mrs Mahi - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में किया गया पौधरोपण

**नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तालाब के किनारे, खाली जगहों, सड़क के किनारे, शासकीय कार्यालयों, खेतों के मेड़ों में पौधरोपण किया गया।

जिले के नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण करने के साथ-साथ पौधे की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। पेड़ों से जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, यह जीवन का आधार है। मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे बहुत जरूरी है। इसके बिना हम मानव जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी यह अति आवश्यक है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों की पूजा की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर, कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी, आयुष पॉलीक्लिनिक राजनांदगांव तथा सभी आयुष औषधालयों, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय परिसर छुरिया में पौधरोपण किया गया।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा किया गया वृक्षारोपण

राजनांदगांव(दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कोर छाबड़ा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं समस्त सहायक प्राध्यापकों के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शा. बाल संप्रेक्षण गृह में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन 2024 के माह जून के कलेण्डर अनुसार 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के मार्गदर्शन में बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव में पर्यावरण दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. देवांगन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश साहू, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एचके रात्रे, अधिवक्ता राजेश कुमार चंदेल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल प्रवीण मल्ल द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।



प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर देवांगन ने अपने उद्बोधन में बाल संप्रेक्षण गृह में निवासरत बालकों को बताया कि वर्तमान में पर्यावरण का संरक्षण सबसे संवेदनशील मुद्दा हैं। वृक्षारोपण से हमारा पर्यावरण संतुलित एवं स्वच्छ रहता है। वर्तमान समय में गर्मी का सामना करना पढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण विकास कार्य हेतु वृक्षों की कटाइ प्रमुख रूप से कारण है तथा पर्यावरण संतुलित किए जाने हेतु वृक्षारोपण आवश्यक है। साथ ही हमें केवल पौधरोपण तक सीमित ना रहते हुए पौधों के रखरखाव की व्यवस्था की ओर भी ध्यान देना होगा, ताकि आज रोपे गये पौधे कल वृक्ष का रूप ले सकें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश साहू ने कहा कि जमीन, हवा और पानी तीनों हमारे लिए आवश्यक है। यह तीनों चीजे हमें पर्यावरण से मुफ्त प्राप्त होते है। हवा हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। जिसके लिए हमें पौधरोपण करना भी उतना ही आवश्यक है, यदि पौधों का संरक्षण नहीं किया गया तो जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। पौधों से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो कि हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। इसलिए पौधों का रोपण और उनकी देखरेख भी आवश्यक है।

अधिवक्ता राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए हवा, पानी की आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार वातावरण में संतुलन के लिए वृक्षों की आवश्यकता है। वर्तमान समय में जीतना वृक्ष लगाये कम है, इसलिए यह जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझे और हर अवसर पर पौधरोपण करें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के एनएस रावटे, अधीक्षक शासकीय बालक संप्रेक्षण गृह प्रीतराम खुटेल, जिला एकीकृत बाल सरंक्षण अधिकारी चन्द्रकिशोर लाडे, परिवीक्षा अधिकारी शासकीय बालक संप्रेक्षण गृह सरजू कोहली उपस्थित रहें। कार्यक्रम में पैरालीगल वालिंटियर्स श्रीमती अनुज्ञा मिश्रा, श्रीमती शालिनी यादव, हेमन कुमार जमुरिया, अहमद कुरैशी, प्रशांत बारसे भी उपस्थित रहें।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा ग्राम बाकल में वृक्षारोपण कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी, ब्रह्माकुमारी पूनम बहन जी, साथ में ब्रह्माकुमार चैतराम भाई, ब्रह्माकुमार सुरेश भाई, ब्रह्माकुमार राजू भाई, ब्रह्माकुमार झालम भाई एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़
**ईश्तहार**
क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 31/05/2024
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीपलाल पिता मसीहदान, निवासी गली नं. 04, सिविक सेंटर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम ककरेल, पटवारी हल्का नंबर 00059, खसरा नंबर क्रमशः 8/4, 8/5, 11/6, 11/10, रकबा क्रमशः 0.1200, 0.1200, 0.2720, 0.2830 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 07/06/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-6-7
799-5 127-0
राजधानी
2-7-0
780-5 670-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# संस्कारधानी को उपेक्षित करने वाले को जनता ने सही सबक सिखाया - किशुन यदु

राजनांदगांव (दावा)। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने उन्हें अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और राजनांदगांव लोकसभा की जनता का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन पर दुबारा जो भरोसा जनता ने जताया है उसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा।



**राजनांदगांव की देवतुल्य जनता का नेता प्रतिपक्ष ने जताया आभार**

किशुन यदु ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मंगलवार को जो चुनाव परिणाम सामने आये हैं वो भूपेश बघेल के अहंकार का खात्मा है। पांच वर्ष मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने जिस तरह से राजनांदगांव की उपेक्षा की उससे आम जनता ने पहले ही तय कर लिया था कि किसी भी सूरत में उन्हें जीतने नहीं देना है। किशुन यदु ने कहा कि संतोष पांडेय के पांच वर्षों के कार्यकाल में राजनांदगांव लोकसभा ने विकास के जो नए आयाम गढ़े हैं जनता ने उस पर फिर एक बार भरोसा जताया है और निश्चित तौर पर इस बार डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की हम नई गाथा गढ़ेंगे।

किशुन यदु ने कहा कि पिछले पांच वर्षों तक राज्य में केवल घोटालेबाजों को संरक्षण, अपराध को बढावा और तरह तरह के काले कारनामों के जरिये भूपेश बघेल ने केवल अपना और अपने अधिकारियों का घर भरने का काम किया लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही हमने ना सिर्फ अपराधों पर अंकुश लगाया बल्कि जनहित के मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से काम करना शुरू किया। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव की जनता ने अपना जनादेश भाजपा को दे कर फिर एक बार साबित कर दिया है कि किसी भी चुनाव में पैसे के दम पर जनता को खरीदा नहीं जा सकता। जनता सदैव केवल सुशासन को चुनती है और इस बार भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया ।

किशुन यदु ने कहा कि भूपेश बघेल के गुर्गों ने संस्कारधानी का माहौल खराब करने का लगातार प्रयास किया व चुनाव के दोरान विवादित लोगों को सामने रख कर तरह तरह के हथकंडे अपनाये लेकिन जनता ने सरल सौम्य संतोष पांडेय पर भरोसा कायम रखा और अगले पांच साल हम फिर जनता के सहयोग से जनहित के सभी विकास कार्यों को पूरा करेंगे।

# ग्राम पंचायतों में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस त्यौहार



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ त्यौहार के रूप में ग्रामीणों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। व्यापक तौर पर पर्यावरण के प्रति सजगता एवं जागरूकता एक उपलब्धि रही। पर्यावरण के प्रति ग्रामीण सामुदायिक सहभागिता स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किए गए। ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर पर्यावरण दिवस पर समुदाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई। जिसमें तालाबों की सफाई की गई। वृक्षारोपण के स्थान का चयन कर पौधरोपण की तैयारी की गई। स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। ग्राम स्तर पर रैली और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठोस कचरा प्रबंधन हेतु ग्राम स्तर पर सेग्रीगेशन शेड के माध्यम से पृथक्करण करने के संबंध में चर्चा की गई। पर्यावरण को बचाने एवं गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु सभी ग्रामीणों द्वारा शपथ ली गई।

# पर्यावरण दिवस पर सनातन धर्म महासभा द्वारा वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा द्वारा 5 जून को पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर जनता कालोनी पटेल नगर में वृक्षारोपण किया गया व घर-घर जाकर पेड़ वृक्षारोपण हेतु दिया गया। छ.ग. सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की आबादी 3 करोड़ से ज्यादा है।



अगर प्रति व्यक्ति 1 पेड़ परिवार की तरह गोद लेता है पूरे छत्तीसगढ़ 3 करोड़ पेड़ लगते है। आज पेड़ नही लगने के कारण गर्मी में तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अतः सभी प्रदेश वासियों से अनुरोध किया है पेड़ लगाओ-जीवन बचाओं का संदेश देते हुए अत्यधिक संख्या में पेड़ लगाने की संदेश दिये है व पेड़ लगाने के बाद उसे अपने परिवार के बच्चें की तरह पालन पोषण करने को कहा। इस शुभ अवसर पर छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी, प्रदेश महिला अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश सचिव ममता शर्मा, मधु अग्रवाल, रश्मि सराफ, कृष्ण अग्रवाल, पूजा सोनी, रेणु सोनी, नन्दा शर्मा, सीमा पटेल, सीमा शर्मा व अत्यधिक संख्या में सनातन धर्म महासभा के लोग उपस्थित हुए।

# 'ये पब्लिक है सब जानती है'; बाहरी प्रत्याशियों को जनता ने नकारा, भूपेश बघेल समेत ये नेता हारे चुनाव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों में बाहरी बनाम स्थानीय मुद्दा बरकरार रहा है। इस चुनाव में अपने क्षेत्र से चुनाव न लड़कर दूसरे लोकसभा सीट से चुनाव लड़े। यह मतदाताओं को रास नहीं आई। यही वजह बना कि बाहरी प्रत्याशियों को हार का मुंह देखना पड़ा। इस चुनाव में जाति समीकरणों को साधने के लिए कद्दावर नेताओं को अपने क्षेत्र को छोड़कर दूसरे सीट पर चुनाव लड़ाया गया था, लिहाजा उनको हार का सामना करना पड़ा। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही दलों ने जातिगत-सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए बाहरी प्रत्याशी चुनाव में खड़ा किया, लेकिन मतदाताओं ने नकार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से आते हैं, वहीं उनको राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़ाया गया। इस पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने ही बघेल को सपोर्ट नहीं किया। इसी तरह भाजपा ने दुर्ग क्षेत्र के नेत्री सरोज पांडे को कोरबा से चुनाव लड़ाया गया, लेकिन कोरबा की जनता ने इन्हें नकार दिया।

### बाहरी प्रत्याशियों को जनता ने नकारा

जानकारों की मानें तो इस चुनाव में स्थानीय और बाहरी का टैग लग गया। जिन जिन क्षेत्रों में बाहरी प्रत्याशी चुनाव



लड़े, उन सभी क्षेत्रों में यह टैग लगा। जनता में स्थानीय और बाहरी का मुद्दा गरमाया रहा। चुनाव परिणाम आने के बाद यह पता चल ही गया कि बाहरियों को जनता ने नकार दिया। भाजपा ने जब लिस्ट जारी कि उसमें कोरबा से पांडे को टिकट दिया गया था, यही से बाहरी का आवाज उठने लगी, लेकिन कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और कद्दावर नेताओं को दूसरे क्षेत्रों से चुनाव लड़ाया। इस बीच स्थानीय प्रत्याशियों की पकड़ मजबूत रही और भाजपा के प्रत्याशियों ने पूर्व मंत्री और कद्दावर नेताओं को पटखनी दी।

### पूर्व मुख्यमंत्री भी नहीं बचा पाए सीट

बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा कांग्रेस दोनों ने यह प्रयोग अपनाया था। भाजपा ने नेत्री सरोज पांडे को कोरबा, तो कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव, पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया को जांजगीर चांपा, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद और भिलाई विधायक देवेंद्र सिंह यादव को बिलासपुर से चुनाव लड़ाया गया। इन सभी प्रत्याशियों को हार का मुंह देखना पड़ा। मतदाताओं ने इन्हें नकार दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री होते हुए भी बघेल ने अपना सीट नहीं बचा सके। वहीं एससी सीट होने पर डहरिया ने क्षेत्र बदला, लेकिन अपनी सीट बचाने में नाकाम रहे।

### दूसरे सीट से चुनाव लड़ने पर इन्हें मिली हार

* दुर्ग क्षेत्र के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव हारे
* दुर्ग क्षेत्र के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद से चुनाव हारे
* रायपुर क्षेत्र के पूर्व मंत्री शिव डहरिया जांजगीर-चांपा से चुनाव हारे
* दुर्ग क्षेत्र के भिलाई विधायक देवेंद्र यादव बिलासपुर से चुनाव हारे
* दुर्ग क्षेत्र के सरोज पांडे कोरबा से चुनाव हारे

# पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की बिगड़ी तबीयत, लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद हुआ स्वास्थ्य खराब



जगदलपुर। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे कवासी लखमा की बुधवार सुबह लालबाग स्थित सरकारी क्वाटर में तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद आनन फानन में डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दवाई लेने की सलाह दी है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को लोकसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी महेश कश्यप से 50 हजार से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था, रात में खाना खाने के बाद सोने चले गए। जहां बुधवार को अचानक से उन्हें उल्टियां होनी शुरू हो गई साथ ही शरीर में दर्द भी उठने लगा। कवासी लखमा के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी लगते ही डॉक्टरों की टीम लालबाग स्थित उनके सरकारी क्वाटर आ पहुँची जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया डॉक्टरों की माने तो एसिडिटी के चलते उन्हें उल्टियां हुईं। वहीं बीपी भी सामान्य रहा, और शुगर लेवर भी सामान्य रहा, गले मे कुछ दर्द होने की बात भी सामने आई, डॉक्टरों की टीम ने इलाज के बाद स्थिति ठीक होने की बात कहते हुए फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी है। बता दें कि बीजेपी से महेश कश्यप ने कांग्रेस के प्रत्याशी कवासी लखमा को 55245 वोटों से हराया है, बीजेपी से महेश कश्यप को 458398 वोट मिले, वहीं कवासी लखमा को 4 लाख 3 हजार 153 वोट मिले, बस्तर लोकसभा सीट से कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।

# बालोद जिले में आकाशीय बिजली से दो बच्चों की मौत

बालोद (दावा)। डौंडी लोहारा ब्लाक के ग्राम संजारी में बुधवार शाम बारिश के बीच आकाशिय बिजली गिरने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई है। वहीं पास में बंधे दो बैलों में ,एक बैल की भी मौत हो गई है। डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के संजारी पुलिस चौकी के संजारी गांव की घटना है। पुलिस जांच में जुटी है। बच्चों का नाम रामखिलावन सोनकर के दो बेटे खेमराज उम्र 12 वर्ष और योगेश प्रताप उम्र 14 वर्ष है।

# भू-जल हमारे खाते में जमा पैसे की तरह, अगर खर्च करते रहे और जमा नहीं किया तो जल्द हो जाएगा खत्म - कलेक्टर



**अमृत सरोवर तालाब स्थल पर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत आरला स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर ग्रामवासियों के साथ पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को ग्राम पंचायत में पानी की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामवासियों को उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे हमारे खाते में जो राशि उपलब्ध है, उसे हम निरंतर खर्च करते रहेंगे और खाते में कोई नई राशि जमा नहीं करेंगे तो धीरे-धीरे खाते में राशि खत्म हो जायेगी एवं खाता खाली हो जायेगा।

उसी प्रकार हमारी धरती के अंदर जो जल के स्त्रोत जमा हैं, वो हमारे खाते के पैसे की तरह हैं और आज हम उसे लगातार खाली कर रहे हैं। यदि नया जल धरती में जमा नहीं किया जायेगा तो आज नहीं तो कल यह जल खत्म हो जायेगा। सेंण्ट्रल ग्राऊंड वाटर बोर्ड की एक रिपोर्ट अनुसार राजनांदगांव जिले के 3 विकासखण्ड जल स्तर के क्षेत्र में सेमी क्रिटीकल जोन अर्थात भू-जल के स्तर में कमी के क्षेत्र में आ चुके हैं, जिसके लिए हमें निरंतर भू-जल का उपयोग किया जाना है। आज हम सभी किसान परिवार धान की खेती के लिए निरंतर भू-जल का उपयोग कर रहे है, जो कि हमारे कल के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। हम सभी किसानों को मिलजुल कर यह प्रयास करना चाहिए कि ऐसी फसलों को चुने जिसमें पानी की कम से कम मात्रा का उपयोग हो तथा आय अधिक से अधिक हो सके। अर्थात धान के बदले अन्य फसलों पर विचार किया जाना अनिवार्य हो गया है। जिस पर ग्रामीणों ने उनकी बातों पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए आने वाले समय में सिंचाई के लिए बोर के उपयोग में कमी लाने का निर्णय लिया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिले में चल रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत वर्षा जल का संरक्षण भू-जल संवर्धण एवं वृक्षारोपण की कार्ययोजना के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई तथा जिले में निरंतर चल रहे जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी विषय पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को क्षेत्र में भू-जल संवर्धन हेतु निर्माण किये जा रहे मिनी परकोलेशन टैंक, स्टेग्रड ट्रैण्च, डबरी, तालाब, रिचार्ज साफ्ट, इंजेक्शन वैल से होने वाले रिचार्ज के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्वच्छता के कार्यो को अभियान के रूप में लेने की अपील की तथा ग्राम पंचायत आरला के भू-जल संवर्धन हेतु तैयार किये गये नक्शे का विस्तृत विवरण देते हुए कार्यो में भाग लेने हेतु ग्रामीणें से अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मनरेगा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम का वृक्षारोपण अभियान



**o जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों तथा अधिकारियों ने लगाये पौधे**
**o महापौर, नेता प्रतिपक्ष ने रानीसागर स्थित शनिधाम के पास एवं समाजसेवियों ने नया बस स्टैण्ड में किया वृक्षारोपण**

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा अधिकारियों ने पौधरोपण कर किया।

वृक्षारोपण के तहत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु एवं पार्षदों ने रानी सागर स्थित शनिधाम के पास तथा जिलाधीश संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह व निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कलेक्ट्रेड पसिर के अलावा समाज सेवियों ने नया बस स्टैण्ड, जेल रोड में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये। वृक्षारोपण के तहत तीनों स्थानों में कदम, जामुन, बादाम, नीम, शिशम, करंज, गुलमोहर, आम, कुशुस, मिलिनटोनिया, कवासा, अर्जुन प्रजाति के लगभग 130 पौधे लगाये गये।

वृक्षारोपण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने उपस्थित जनों को पौध रोपण करने अपील करते हुये कहा कि आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण बचाने की है। आज के इस घनी आबादी वाले युग में नगर बसाने पेड पौधे बेरहमी के काटे जा रहे है और लगाये नहीं जा रहे है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड गया है, जिससे कम वर्षा हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुये हम सब को पेड़ लगाना है। इसके लिये आज हम सब संकल्प ले कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर एवं आसपास खुले स्थानों पर पौधरोपण करेंगे एवं उसकी रक्षा करेंगे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शहर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आज अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये जा रहे है। वर्षा ऋतु में शहर के विभिन्न स्थानों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। पूर्व में निगम द्वारा शहर में 4-5 वर्षो से वृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गये जिनमें से लगभग 75 प्रतिशत पौधे जीवित है और वृक्ष का रूप ले लिये है। उन्होने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिये आज के इस पावन अवसर पर पौधे लगाने संकल्प लेने की अपील की। निगम द्वारा विभिन्न स्थानों में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थिति होकर अधिकारी कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, समाजसेवियों ने पौधरोपण किये।

# विश्व पर्यावरण दिवस : मुख्यमंत्री ने सपरिवार अपने निवास परिसर में रोपा पौधा



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय एवं परिवार जनों के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में और आस-पास पौधा लगाने और पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डीएफओ लोकनाथ पटेल, एसडीओ व्ही.एन. मुखर्जी एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# नितिश कुमार पीएम मोदी... तो फिर नीतीश-मोदी साथ-साथ

## पटना से आ गया मैसेज; एनडीए अब टेंशन फ्री



नई दिल्ली। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही नीतीश कुमार को लेकर खूब चर्चा हो रही थी कि क्या वो पलटी तो नहीं मार लेंगे। हालांकि अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जदयू के पटना कार्यालय से साफ हो गया है कि नीतीश-मोदी साथ-साथ हैं।

जदयू एनडीए के साथ रहेगा और सरकार बनाएगा। जदयू ने साफ कहा है कि मोदी के नेतृत्व में एनडीए मजबूत सरकार बनने जा रही है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने विकास और सुशासन की राजनीति पर विश्वास जताया है। एनडीए की ताकत के आगे आईएनडीआईए पूरी तरह से धाराशायी हो गया। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने वोट की ताकत से झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति करने वाले को सबक सिखाने का काम किया है।लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि एनडीए की जीत हमारे कार्यकर्ताओं के पसीने का प्रतिफल है। विगत 18 वर्षों में जो विकास के अभूतपूर्व काम हुए। उसके आधार पर जनता ने एनडीए को वोट दिया है। डबल इंजन की सरकार होने से आने वाले दिनों में बिहार के विकास को नयी रफ्तार मिलेगी। पटना से मैसेज बिल्कुल क्लियर बता दें कि चुनाव परिणाम आने के बाद से ही नीतीश कुमार को लेकर खूब चर्चा हो रही थी कि क्या वो पलटी तो नहीं मार लेंगे। हालांकि, अब ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जदयू के पटना कार्यालय से साफ हो गया है कि नीतीश-मोदी साथ-साथ हैं। जदयू एनडीए के साथ रहेगा और सरकार बनाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रेल्वे में पर्यावरण जागरूकता से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु 05 जून को सुबह 06:00 बजे माउंट रोड अधिकारी रेल क्लब से आकाशवाणी चौक-माउंट रोड अधिकारी रेल क्लब तक वॉकथोन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारीगण, रेल खिलाड़ी, रेल कर्मचारी तथा रेलवे स्काउट एण्ड गाइड के वालिंटियरों ने भाग लेकर रेलवे परिक्षेत्र के निवासियों को पर्यावरण को बचाने हेतु विभिन्न पोस्टर बैनर आदि के साथ रैली निकाली कर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश गिया गया। वही मंडल कार्यालय परिसर में श्रीमती नमिता त्रिपाठी द्वारा सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान रेलवे स्काउट एण्ड गाइड के वालिंटियरों द्वारा धरती करे पुकार थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

भारतीय रेल भी पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पर्यावरण संरक्षण के उपायों को प्रचारित किया जाता है। इस वर्ष पर्यावरण दिवस भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण को रोकना और सूखे से निपटने की क्षमता का निर्माण थीम के आधार पर मनाया जा रहा है।

मंडल द्वारा आज इस अवसर पर बच्चों के लिए (केवल एक पृथ्वी) के आधार पर चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन नैरो गेज रेल म्यूजियम मोतीबाग तथा रेल म्यूजियम नैनपुर परिसर में किया गया, इस प्रतियोगिता को तीन समूह (कक्षा 1 से 3/ कक्षा 4 से 6/ कक्षा 7 से 9) में आयोजित किया गया। रेलवे स्टेशन व रेल परिसर में पोस्टर व बैनर प्रदर्शित कर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश दिये गए। स्टेशनों पर उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को सिंगल यूस प्लास्टिक का बहिष्कार हेतु संदेश दिया गया। रेलवे स्टेशन, रेल परिसर व रेल गाड़ियों में साफ-सफाई रखने पर डोर दिया गया और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश दिया गया। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, गाड़ी व रेलवे ट्रैक को गंदगी से मुक्त रखने तथा वातावरण को साफसुथरा रखने एवं हरित विकास को बढ़ावा देने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हरसंभव प्रयास निरंतर किया जा रहा है जिसमें मंडल से गुजरने वाली सभी रेल गाड़ियों में शत-प्रतिशत बॉयो.टायलेट एक अहम् हिस्सा है। स्वच्छ रेल-स्वच्छ पर्यावरण हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल हमेशा से अग्रणी भूमिका में रहा है।

# कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधरोपण

## सभी पौधरोपण करने के साथ ही पौधों को संरक्षित करने की भी जिम्मेदारी लें - कलेक्टर

**o कलेक्टर ने आरसेटी बरगा में किया पौधरोपण**
**o मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों का किया अवलोकन**
**o महिलाओं को जल संरक्षण तथा पौधरोपण के लिए किया प्रोत्साहित**



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। कलेक्टर ने जामुन, नीम जैसे पौधे कलेक्टोरेट परिसर में रोपित किए। उन्होंने कहा कि सभी पौधरोपण करने के साथ ही पौधों को संरक्षित करने की भी जिम्मेदारी लें और प्रतिदिन पौधों में पानी दें। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिन्हें बागवानी में रूचि है, ऐसे लोगों का एक समूह बनायें और कलेक्टोरेट के गार्डन को और खुबसूरत और अच्छा बनायें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था ग्राम बरगा में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने वहां लगाए गए अमरूद, चीकू, आम, बेर, पपीता, केला एवं अन्य पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण केन्द्र में समूह की महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अच्छा प्रशिक्षण दें। इस दौरान वे स्वरोजगार के लिए किए जा रहे अपने अनुभवों एवं गतिविधियों को भी साझा करें, जिससे दूसरों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुनगा के पौधे जरूर लगाएं। उन्होंने डबरी में मछली पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस दौरान मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर इस दौरान महिलाओं से रूबरू हुए और उन्हें जल संरक्षण तथा पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि डबरी निर्माण जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य है। जमीन में मिट्टी बनी रहे, इसके लिए पौधरोपण जरूरी है। डबरी से जल संरक्षण होने पर पौधों को पानी मिलेगा और भू-जल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि छायादार एवं फलदार पौधे लगाएं। इसके लिए राशि भी प्रदान की जाएगी। कोशिश करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण के लिए जिले में लगातार प्रयास किया जा रहा है। धान के बदले ऐसी फसल लेना चाहिए जिसमें कम पानी की आवश्यकता होती है। मनरेगा अंतर्गत आप सभी को न केवल रोजगार मिला है, बल्कि गांव की बेहतरी के लिए आप सभी कार्य कर रहे हैं।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि छतों में जल के संरक्षण के लिए व्यवस्था करें तथा सोख्ता गड्ढा भी बनवाएं। जिससें भू-जल में बढ़ोत्तरी होगी। महिलाओं से कहा कि मनरेगा के अंतर्गत डबरी निर्माण के माध्यम से आप सभी को रोजगार मिला है। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जा रहा है। जिसका फायदा सभी ग्रामवासियों को आगे मिलेगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, मनरेगा के फैज मेनन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था बरगा के प्रशिक्षण अधिकारी रणजीत सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीजापुर में नौ नक्सलियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आई.ई.डी. विस्फोट में थे शामिल; विस्फोटक और जिलेटिन की छड़ें हुई बरामद**


बीजापुर। बीजापुर जिले में दो स्थानों से नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से पांच पिछले महीने एक पुलिस अधिकारी की कार को निशाना बनाकर किए गए आईईडी विस्फोट में कथित रूप से शामिल थे।

पुलिस ने एक बयान में बताया कि पांच नक्सलियों को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडेम-कुपरेल गांव से गिरफ्तार किया गया, जबकि चार अन्य को मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए सभी नक्सली कथित तौर पर हत्या, सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाने, सड़कें काटने, अवैध उगाही करने और माओवादी पोस्टर और बैनर लगाने की घटनाओं में शामिल थे।

फरसेगढ़ से पकड़े गए लोगों की पहचान गुड्डू कुम्मा (25), बुधु कुम्मा (30), सुरेश ओयम (29), विनोद कोर्सा (25) और मुन्ना कुम्मा (25) के रूप में हुई है। ये सभी 15 मई को फरसेगढ़ क्षेत्र में दो पुलिसकर्मियों की कार को निशाना बनाकर किए गए आईईडी विस्फोट में कथित रूप से शामिल थे।

# विद्युत विभाग का मेंटेनेंस में लाखों खर्च, पहली बारिश ने खोली पोल





डोंगरगांव (दावा)। गर्मी के बाद पहली बारिश ने विद्युत विभाग के मेंटेनेंस का पोल खोल कर रख दिया है, विभाग मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रूपये खर्च करती है और इसके लिए पूरे दिन-दिन भर विद्युत प्रवाह को रोका भी जाता है किन्तु विभाग के कर्मचारी शायद इसे गंभीरता से नहीं लेते और आये दिन लाईट बंद की सूचनाएँ आती रहती हैं।

शहर सहित पूरे क्षेत्र में विद्युत सप्लाई का बुरा हाल है, आये दिन मेंटेनेंस के बहाने कई घंटे लाईट बंद होने के बावजूद मेंटेनेंस का असर कहीं दिखाई नहीं देता। हवा के झोंके या हल्की बारिश से विद्युत प्रवाह में तुरंत बाधा आती है और विभाग में शिकायतों का अंबार लग जाता है, विद्युत विभाग के टोल फ्री नंबर या तो व्यस्त होता है या फिर शिकायत लिखने के घंटों बाद भी इसका निवारण नहीं हो पाता। शहर के विभागीय कार्यालय में पहुंचकर नागरिक को कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी टाईम समाप्त होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ते दिखाई देते हैं। बुधवार 5 जून को दोपहर तेज हवा के साथ बारिश के बाद स्थानीय विद्युत कार्यालय में लाइन बंद की शिकायतों का अंबार लग गया है, इसके साथ ही पहले की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया है।

इसे में उपभोक्ताओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी कर्मचारियों से अतिरिक्त सेवाएं ली जानी चाहिए, लेकिन विभाग इस मामले में गंभीर नहीं है। बारिश के पूर्व इन्ही कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस का कार्य कराया जाता है किंतु बड़ी संख्या में आने वाली शिकायते कुछ और ही बयां कर रही है। इस दौरान बिजली के तारों के पास से गुजरने वाली पेड़ की शाखाओं और खंभों में पक्षियों द्वारा बनाए गए घोसलों के तिनकों को हटाया जाना चाहिए किंतु आज भी ये यथास्थिति में हैं और बारिश के मौसम में होने वाली परेशानी उपभोक्ताओं को झेलना पड़ता है।

# बिजली दर कम करने मुख्यमंत्री के नाम कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

मोहला (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली दर में हुई वृद्धि को कम करने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री/ऊर्जा मंत्री के नाम विद्युत विभाग में जाकर ज्ञापन सौंपा।



कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने बिजली ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली दर कम करने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के नाम पर अंबागढ़ विद्युत विभाग के जेई कुर्रे को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरें 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई है जिसका विपक्ष की कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र मसिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद मनीष बंसोड़, जनपद सदस्य खुमेन्द्री चमन,जिला महामंत्री शम्मी कुरैशी, पार्षद शँकर निषाद, मुकेश सिन्हा,साधना सिंह, प्रमोद ठलाल, रजिया बेगम, युवाकांग्रेस अध्यक्ष मोनु कुरैशी, महासचिव तौसीद अहमद रब्बानी, ठुह्यह्हद्ध अध्यक्ष वैभव परिहार, जिला मंत्री पिन्टू तिवारी, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, अमन डोंगरे,राजू सोनवानी, लक्की कुंजाम,अतीक शेख, शोभा भोयर,मयाराम कौशिक,प्रकाश कौशिक आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## वन परिक्षेत्र अंतर्गत लगाए गए वृक्ष



**आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वन त्योहार**

छुईखदान (दावा)। वन परिक्षेत्र छुईखदान के अंतर्गत स्थानीय स्वामी उच्चत्तर माध्यमिक शाला छुईखदान के केकतीबाड़ी मैदान में सयुंक्त वनमंडलाधिकारी खैरागढ़ एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों, बच्चों, की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण को बचाने के लिये सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु आव्हान किया गया।

## व्यवसायिक शिक्षा पर जोर, घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया गया



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के घर-घर जाकर काउंसलिंग किया गया। इनमें व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य एचआर वर्मा के नेतृत्व में कक्षा नवमी में नव प्रवेशित बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

व्यवसायिक शिक्षा हेल्थकेयर के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। उन्हें क्यों व्यवसायिक सब्जेक्ट लेना चाहिए? उक्त जानकारी हेल्थकेयर सब्जेक्ट के बारे में उनको बताया गया जिसमें पलकों के द्वारा भी सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई। हेल्थ केयर ट्रेड में होने वाले एक्टिविटी जैसे गेस्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट, इंटर्नशिप, एसएससी सर्टिफिकेट ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा अन्य एक्टिविटी के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई।

व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद भविष्य में आगे हायर एजुकेशन के लिए विद्यार्थियों को हेल्थकेयर सब्जेक्ट तथा मेडिकल लाइन में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बहुत फायदेमंद है। इन संदर्भ में सभी बच्चों के घर जाकर उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। पालकों ने व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए विद्यालय का कार्य सराहनीय है।

# कृषि महाविद्यालय में मनाया गया पर्यावरण दिवस

## पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



छुईखदान (दावा)। रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान में 05 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' का ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, एन.एस.एस. स्वयं सेवक एवं विद्यार्थीयों ने ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से जुड़कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किये। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. ए.के. गुप्ता ने अपनी व्याख्यान में पेड़ लगाकर पर्यावरण के संरक्षण के लिए सतत बात कही। डॉ. बी. एस. असाटी ने इस वर्ष मनाये जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस के थीम 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' से अवगत कराये। एन. एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ओ.पी. सोनवानी ने कार्यक्रम के शुरुआत में प्रस्तावना स्वरूप विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत, उद्देश्य और लाभ के बारे में बतलाये। डॉ. उत्तम देवांगन ने पर्यावरण में मानव हस्तक्षेप से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराये, डॉ. परमेश्वर साहू ने ईमानदारी से पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने के लिये प्रेरित किये।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. पंकज भार्गव ने अपने-अपने जन्मदिन पर जरूर एक पौधे लगाने के लिये अनुरोध किये तथा धन्यवाद ज्ञापित किये। ऑनलाईन कार्यशाला के अलावा ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता विद्यार्थीओं के लिए रखा गया, जिसमें प्रथम स्थान राहुल कुमार, द्वितीय स्थान प्रतिक झा एवं तृतीय स्थान कु. सिमरन ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओ.पी.सोनवानी, डॉ.परमेश्वर कुमार साहू, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. ए.के.नन्दवार, डॉ. पंकज भार्गव, डॉ. एस.ए.ढेंगें तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं गूगल मिट के माध्यम से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिए।

## व्यवसायिक शिक्षा पर जोर, घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया गया



हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत पिनकापार में अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रामीण महिला, पुरुष एवं रोजगार गारंटी के सभी मजदूरों को तंबाकू सेवन नहीं करने का शपथ सचिव बलदाऊ देवांगन द्वारा दिलाया गया जिसमें प्रमुख रूप से सभी मनरेगा मजदूर शामिल था।

तंबाखू खाने से क्या क्या रोग होता है। इसके बारे में भी विस्तार से समझाया। मनरेगा के सदस्य सुकाल गांवरे, रेखा गांवरे, जनक खरे, सोमिन भुआर्य, डोमन गांवरे, शंकर देवांगन, जगदीश बंजारे, गोपाल रावटे, खेलु कूलेंद्र, कमला शेंडे, गीतिका कौशिक, अंजू कौशिक, लोमिन गांवरे, धर्मिन गांवरे, सुकवारो बाई, फुल बाई तारम, अनिता बाई देवांगन, रेखा शेंडे, गोमती मारकंडे, रोजगार सहायिका सीमा राजपूत, कम्प्यूटर आपरेटर अमित गांवरे, ग्राम पंचायत के भृत्य यशवंत राजपूत उपस्थित थे।

# शा. उच्च. माध्य. शाला बोरी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं प्राचार्य जी की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे ने पर्यावरण के संबंध में संबोधन करते हुए बताई की मानव द्वारा पर्यावरण को किस प्रकार प्रदूषित करते हैं और इसके क्या गंभीर परिणाम निकलते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विभिन्न प्रकार के उदाहरण देकर बताएं गए। पर्यावरण के हमारे दैनिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

इस पर प्रकाश डाला और उपस्थित शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित एवं संकल्प लिए गए। इस अवसर पर छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पर्यावरण के संबंध में अपना-अपना विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी की प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे, उपप्राचार्य महेंद्र कुमार देवांगन, व्याख्यातागण भुवनेंद्र कुमार ठाकुर, श्रीमती दीपिका साहू, श्रीमती सीमा धमकेश, विधि चौरसिया एवं व्यायाम शिक्षक उमेश दास वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 जून को

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 09 जून दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जायेगा। परीक्षा के आयोजन हेतु जिले में 07 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा हेतु कुल 1700 आवेदकों ने आवेदन किया था, जिसमें 1598 पात्र एवं 102 अपात्र पाये गये। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर जारी कर दिया गया है। पात्र आवेदक अपने रजिस्ट्रेशन आई.डी एवं आवेदन हेतु दिये गये मोबाईल नंबर से लॉगिन करके प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। अपात्र आवेदक अपने अपात्र होने का कारण रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं मोबाईल नंबर से लॉगिन करके पता कर सकते है।

## विधानसभा के गंडई पंडरिया, खपरी और जुनवानी की ईवीएम मशीन में आयी खराबी

खैरागढ़ (दावा)। विधानसभा के मतों की गिनती के दौरान बूथ क्र. 79 गंडई पंडरिया, बूथ क्र. 171 खपरी और बूथ क्र.240 जुनवानी की ईवीएम मशीन में आयी तकनीकी खराबी के कारण अंतिम आंकड़ों को लेकर रात तक इंतजार करना पड़ा। बताया जा रहा है कि गंडई पंडरिया के बूथ क्रमांक 79 में कुछ तकनीकी कारणों से मतदान के दौरान वहां तैनात महिला मतदान कर्मियों ने सीआरसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की थी वहीं बूथ क्र.171 खपरी और बूथ क्र.240 जुनवानी की ईवीएम मशीन में आयी तकनीकी खराबी के कारण व्हीव्ही पैड से मतों की गिनती की गई जिसके बाद खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के संतोष पांडे को 5959 वोट से विजयी घोषित किया गया है।

## मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो, किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है - मुख्तार



**नगर का बेटा बनेगा डॉक्टर..**

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के मो. मुख्तार कुरैशी ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरभि बुक डिपो के संचालक, सिविल लाइन निवासी मो. खलील कुरैशी के पुत्र मो. मुख्तार कुरैशी ने नीट की परीक्षा सन 2024 में 720 अंको में 608 अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है।

बचपन से मेधावी रहे मुख्तार की प्रारंभिक शिक्षा माइल स्टोन पब्लिक स्कूल में हुई, वहीं उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं में परीक्षा नीरज बजपेयी इंटर्नेशनल स्कूल 'बोरी' राजनांदगांव से पास की। ज्ञात हो कि नीट एग्जाम के पहले ही प्रयास में उन्होंने यह कारनामा कर दिखाया है। मुख्तार का कहना है कि अगर मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, शुरू से मेरी इच्छा डॉक्टर बनने की थी, मैने बारहवीं के बाद कड़ी मेहनत की और परिणाम सामने है, आज जीवन शैली, खान पान और खराब दिनचर्या के कारण लोग स्वास्थ्यगत समस्याओं से जूझ रहे हैं, मैं लोगों में स्वास्थ्यगत जागरूकता लाकर डॉक्टर बनकर उनकी सेवा करना चाहता हूं।

नगर के इस होनहार युवा के ऐतिहासिक सफलता पर परिवार जनों, में बड़े पापा जो स्वास्थ्य विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत मो सगीर कुरैशी, इकरा फाउंडेशन के रियाजुद्दीन, फारुख मेमन, रज्जाक खान, शमशुल होदा खान, जहीन खान, याहिया नियाजी, मित्र मनोज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण खंडे, आलोक मिश्रा, भगवती सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## आज छुरिया में एक दिवसीय शनि महोत्सव



छुरिया (दावा)। मां दन्तेश्वरी के पावन नगरी छुरिया में नीचे मंदिर स्थित शनिमंदिर में आज 6 जून गुरूवार को एक दिवसीय शनि महोत्सव एवं शनिकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में प्रातः काल 8 बजे से हवन एवं अनुष्ठान, संध्या 4 बजे शनिकथा का आयोजन होगा। जिसमें ब्रम्हेश्वर धाम पीठाधीश्वर लवलेश तिवारी छतरपुर म.प्र. द्वारा शनिकथा पश्चात दिव्य दरबार भी लगाया जायेगा। जहां लोगों की समस्याओं का दिव्य दरबार के माध्यम से निराकरण भी किया जायेगा। शनैःश्वर धाम शनि मंदिर के संचालक यशवंत तिवारी ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

# भाजपा की जीत पर भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी ने मनाया जश्न



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। लोकसभा चुनाव के परिणाम में एन.डी.ए. को बहुमत मिलने पर और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को दूसरी बार प्रचंड बहुमतों के साथ जीत दर्ज की है, जिसकी खुशी में भाजपा मंडल अंबागढ़ चौकी के नेतृत्वकर्ता मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी के नेतृत्व में इस खुशी का जश्न फटाखा फोड़कर एवं मिठाई खिला कर मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, जिला भाजयुमो महामंत्री काशी निषाद, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीष शर्मा, महामंत्री संतोष साहू, पार्षद मोहसिन खान, राजू सिन्हा, शुभम लाटा, प्रथम त्रिपाठी, सुदामा गुरले, रोहित सिन्हा, पुरषोत्तम ठाकुर, गनपत पटेल, माधवेश शर्मा, समीर खान सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मण्डल छुरिया ने भी जश्न



छुरिया (दावा)। लोकसभा से सांसद संतोष पाण्डेय के दोबारा प्रचण्ड मतों से जीत व केन्द्र में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने से उत्साहित भाजपा मण्डल छुरिया के अध्यक्ष अजय पटेल के नेतृत्व में भाजपा मण्डल एवं नगर पंचायत के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पुराने बस स्टैण्ड में गगनभेदी नारे, जमकर आतिशबाजी कर, मिठाई बांटते हुए जश्न मनाया गया। इस अवसर पर छुरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय पटेल, नगर पंचायत श्रीमती सीमा सिन्हा, पार्षद द्रौपदी उइके, योगेश्वर पटेल, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश साहू, टामेश्वर कुम्भकार, कमलेश ध्रुव, कुंदर बडोले, बोनी पटेल, कुश कुंभकार, प्रफुल राजपूत, सुनील कुंभकार, टुम्मन देवांगन, सुनील मालेकर, रिंकेश निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कड़े मुकाबले में संतोष पाडेय ने हराया

- ० खैरागढ़ विधानसभा में भी खिला कमल, संतोष पांडे ने 5 हजार से अधिक निर्णायक मतों से दर्ज की जीत, दूसरी बार बने सांसद'
- 0 खैरागढ़ विधानसभा के तीन ईवीएम मशीन में खराबी के बाद आया व्यवधान
- 0 लेकिन 4 माह पहले हुए इसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा 5 हजार से अधिक वोटों से हारी और चार माह बाद 5 हजार से अधिक वोटों से लोकसभा चुनाव में लीड समझ से परे ?



खैरागढ़ (दावा)। आठ विधानसभा क्षेत्र वाले राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ विधानसभा में भी भाजपा 5 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की, लेकिन वही 4 माह पहले हुए इसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा 5 हजार से अधिक वोटों से हारी क्यों? देश में 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा सीट के खैरागढ़ विधानसभा में भी कमल खिला। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के भूपेश बघेल को 5 हजार से अधिक निर्णायक मतों से पछाड़ कर शानदार जीत दर्ज की है।। जीत के बाद भाजपा खेमे में बड़े जश्न का माहौल है वहीं खैरागढ़ में करारी हार के साथ समूचे राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में हार के कारण कांग्रेसी गम में डूबे हुये है।

### 21 में से 13 चरणों में भाजपा ने की शानदार जीत दर्ज

खैरागढ़ विधानसभा के 21 चरण की मतगणना में भाजपा ने कुल 13 चरणों में शानदार जीत दर्ज की है, वहीं कांग्रेस केवल आठ चरण में मामूली बढ़त ही बना पायी। कांग्रेस के भूपेश बघेल ने पहला (173), तीसरा (36), दसवां (2589), तेरहवां (225), चौदहवां (1118), पंद्रहवां (499) व अठारहवां चरण (394) मतों के मामूली अंतर से जीता वहीं भाजपा ने दूसरा (365), चौथा (1034), पांचवां (200), छठवां (1050), सातवां (1984), आठवां (430), नौवा (20), दसवां (2589), ग्यारहवां (2516), बारहवां (2452), सोलहवां (521), सत्रहवां (543), उन्नीसवां (161) व बीसवां चरण (53) मतों से जीता और कुल 5842 निर्णायक मतों से श्री पाण्डेय ने खैरागढ़ विधानसभा से बढ़त बनाई।

### पहले राउंड में 173 मतों से जीती कांग्रेस, उसके बाद बाकी राउंड तक बढ़त नहीं बना पायी

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले में सुबह 8:00 बजे खैरागढ़ के पिपरिया स्थित वेयर हाउस के मतगणना स्थल पर वोटो की गिनती शुरू होने के बाद कांग्रेस को पहले राउंड में 173 मतों की जीत मिली लेकिन इसके बाद भाजपा ने लगातार अपनी बढ़त बनाई रखी और 5 हजार से अधिक निर्णायक मतों से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को निर्णायक मतों से पराजित किया है।

# पहला कॉलम...

## कच्चे तेल की कीमतों में 4 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 4 डॉलर प्रति बैरल से अधिक की गिरावट आई है। अब यह चार महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। ऐसा ओपेक प्लस द्वारा इस वर्ष उत्पादन में वृद्धि की अनुमति देने के बाद हुआ है। अमेरिका में पहले से ही कच्चे तेल का भंडार काफी ज्यादा है। अगस्त के लिए बेंचमार्क ब्रेंट ऑयल वायदा बुधवार को 77.50 डॉलर पर आ गया। डब्ल्यूटीआई (वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट) पर जुलाई के कच्चे तेल का वायदा 73.22 डॉलर पर था। 7 फरवरी के बाद पहली बार तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आई हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। देश अपनी जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और तेल की कीमतों में गिरावट से देश के आयात बिल में कमी आएगी। इससे चालू खाता घाटा (सीएडी) कम होगा और रुपया मजबूत होगा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के दाम भी कम होते हैं, जिससे देश में मुद्रास्फीति में कमी आती है। सरकार ने यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर पश्चिमी दबावों के बावजूद तेल कंपनियों को रियायती कीमतों पर रूस से कच्चा तेल खरीदने की अनुमति देकर देश के तेल आयात बिल को कम करने की कोशिश की है।

## पाकिस्तान क्रिकेटर इमाद वसीम नहीं खेलेंगे टी20 विश्व कप

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलकर करेगी। भारतीय टीम का अगला मैच 9 जून को पाकिस्तान से होना है। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले पाकिस्तान टीम को बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान टीम के स्टार ऑलराउंडर इमाद वसीम ओपनिंग मैच का हिस्सा नहीं होंगे। ओपनिंग मैच में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से होना है। इस मैच से इमाद वसीम को झटका लगा। इमाद वसीम चोटिल होने के चलते अमेरिका के खिलाफ ओपनिंग मैच नहीं खेल पाएंगे। पीसीबी ने इसकी जानकारी दी है। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बीच 9 जून को टी20 विश्व कप 2024 का मुकाबला खेला जाना है। इस मैच से पहले पाकिस्तान की टीम को झटका लगा है। पीसीबी ने ये जानकारी दी है कि इमाद वसीम गुरुवार के मैच के लिए इमाद वसीम सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं। उन्हें पीसीबी मेडिकल टीम ने आराम की सलाह दी है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी की तारीख बढ़ी

नई दिल्ली। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने स्पेक्ट्रम नीलामी की समयसीमा 19 दिन आगे बढ़ाकर 25 जून कर दी है. विभाग की वेबसाइट पर मंगलवार को उपलब्ध सूचना से यह जानकारी मिली है. बोली के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस में किए गए संशोधन के मुताबिक, ÷लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख छह जून से बदलकर 25 जून कर दी गई है. सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी. नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में उपलब्ध सभी स्पेक्ट्रम उपलब्ध हैं. रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 3000 करोड़ रुपये की सबसे ज्यादा बयाना राशि जमा की है. इससे कंपनी मैक्सिमम रेडियो फ्रीक्वेंसी के लिए बोली लगा सकेगी. बोलीदाता के लिए पूर्व-पात्रता विवरण के मुताबिक, भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया ने 300 करोड़ रुपये की बयाना राशि जमा जमा की है.

## चुनावी नतीजों के झटके से उबरा शेयर बाजार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के अगले दिन केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने की संभावनाओं के चलते भारतीय शेयर बाजार ने राहत की सांस ली है. इसका नतीजे ये हुआ कि बुधवार के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स-निफ्टी में जोरदार उछाल देखने को मिला है. आज के कारोबार में बैंकिंग एफएमसीजी ऑटो स्टॉक्स में भारी खरीदारी देखने को मिली है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 2303 अंकों के उछाल के साथ 74,382 अंकों पर क्लोज हुआ है. जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 735 अंकों के उछाल के साथ 22,620 अंकों पर बंद हुआ है. मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपये की गिरावट देखने को मिली थी. लेकिन बुधवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी के चलते मार्केट कैप में शानदार उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप फिर से 400 लाख करोड़ को पार करते हुए 407.58 लाख करोड़ रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है जो पिछले सत्र में 394.83 लाख करोड़ रुपये के लेवल पर क्लोज हुआ था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 12.75 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

# भारत ने 46 गेंद रहते जीता मैच, आयरलैंड को लगातार आठवीं बार हराया

न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 12.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ऋषभ पंत ने 13वें ओवर में बैरी मैक्कार्थी की गेंद पर रिवर्स स्कूप से छक्का लगाकर मैच खत्म किया। भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने 52 रन बनाए। हालांकि, वह रिटायर्ड हर्ट हो गए। अब तक उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं चल सका है। ग्रुप-ए में अब भारतीय टीम दो अंक के साथ शीर्ष पर आ गई है। उसका अगला मुकाबला नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से है।

### भारत ने बनाया रिकॉर्ड

भारत ने आयरलैंड को 46 गेंद शेष रहते हराया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में गेंद शेष रहने के मामले में भारत की चौथी सबसे बड़ी जीत है। टीम इंडिया ने 2021 में स्कॉटलैंड को दुबई में 81 गेंद शेष रहते हराया था। भारतीय टीम की यह आयरलैंड के खिलाफ लगातार आठवीं जीत रही। भारत ने एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा जीत के मामले में बांग्लादेश के खिलाफ बनाए गए रिकॉर्ड




की बराबरी की। भारत ने 2009 से लेकर 2018 तक बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार आठ मैच जीते थे। अब आयरलैंड के खिलाफ भी भारतीय टीम ने ऐसा किया है।

### भारतीय गेंदबाजों के आगे आयरलैंड 96 पर ढेर

इससे पहले हार्दिक पांड्या (3/27), अर्शदीप सिंह (2/35), जसप्रीत बुमराह (2/6) की शानदार गेंदबाजी के आगे आयरलैंड की पारी 16 ओवर में महज 96 रन पर ढेर हो गए। गैरेथ डैलेनी ने आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। यह वही पिच थी, जिस पर भारत और बांग्लादेश का अभ्यास मैच खेला गया था। अर्शदीप और सिराज ने गेंदबाजी की शुरुआत की।

पहले दो ओवर काफी उछाल देखा गया। तीसरे ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को दिसंबर, 2022 के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ऋषभ पंत के हाथों कैच करा दिया। पिछले टी-20 विश्वकप में 10 विकेट लेने वाले अर्शदीप ने ओवर की अंतिम गेंद पर बलबर्नी (5) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड कर आयरलैंड की ओपनिंग जोड़ी को पवेलियन भेज दिया।

### पावरप्ले रहा भारत के नाम

जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में छाप छोड़ी। उन्होंने यह ओवर मेडन फेंका। पावरप्ले में आयरलैंड ने दो विकेट पर 26 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में लोरकन टकर को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 13 गेंद में 10 रन बनाए। बुमराह ने अगले ओवर में हैरी टेक्टर (4) को कोहली के हाथों कैच कराकर आयरलैंड को संकट में डाल दिया। इसके बाद तू चल मैं आया वाली स्थिति हो गई।

आयरलैंड ने 22 रन के अंतर खोए छह विकेट

एक समय आयरलैंड का स्कोर दो विकेट पर 28 रन था, लेकिन हार्दिक की गेंदबाजी के आगे स्कोर आठ विकेट पर 50 रन हो गया। हार्दिक ने इस दौरान तीन विकेट चटकाए। इस दौरान अक्षर और सिराज को भी एक-एक विकेट मिला। आईपीएल में खेलने वाले आयरिश गेंदबाज जोश लिटिल ने दो चौके लगाए। उन्होंने डेलनी के साथ 27 रन की साझेदारी की। डेलनी ने इस दौरान हार्दिक पर छक्का भी लगाया, लेकिन बुमराह ने आक्रमण पर वापस आते ही लिटिल (14) को बोल्ड कर दिया। डेलनी ने अर्शदीप के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए, लेकिन वह इसी ओवर की अंतिम गेंद पर रन आउट हो गए, लेकिन उन्होंने 14 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 26 रन की पारी खेली।

### रोहित-विराट ओपनिंग करने उतरे

97 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित के साथ ओपनिंग करने आए विराट कोहली (1) का विकेट जल्दी गंवाना पड़ा। रोहित शर्मा ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 37 गेंद में 52 रन की पारी खेलते हुए भारत को आसान जीत दिला दी। दिसंबर, 2022 के बाद से पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ऋषभ पंत छक्का लगाकर भारत को जिताया। उन्होंने 26 गेंद में नाबाद 36 रन की पारी खेली। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाए।

### नहीं चली विराट-रोहित की ओपनिंग जोड़ी

इस मैच में यशस्वी जायसवाल के स्थान पर रोहित और विराट कोहली से ओपनिंग कराने का फैसला लिया गया। यह फैसला रास नहीं आया। रोहित ने लिटिल के ओवर में चौका और छक्का लगाया, लेकिन अडायर के ओवर में विराट थर्डमैन पर कैच दे बैठे।

# केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज

**19 तक रहेंगे जेल में**

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि को 19 जून तक बढ़ा दिया है। बता दें कि केजरीवाल ने



मेडिकल कारणों का हवाला देते हुए 7 दिन की अंतरिम जमानत की मांग की थी। अदालत ने 1 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें कि अरविंद केजरीवाल की याचिका एक अंतरिम जमानत याचिका थी। उनकी समान्य जमानत याचिका पर 7 जून को सुनवाई होगी। बता दें कि अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को कथित दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए 1 जून तक जमानत दी थी। इसके अगले दिन उन्होंने सरेंडर कर दिया था। अब उन्हें 19 जून को 3 बजे वैकेशन जज के सामने पेश किया जाएगा। अदालत ने कहा कि केजरीवाल के डायग्नोस्टिक के लिए कुछ निश्चित निर्देश जारी किए गए हैं। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील विवेक जैन ने कहा कि उनके वजन में काफी अंतर आया है। हालांकि, अदालत ने कहा कि जो राहत मुख्यमंत्री चाहते हुए उसके लिए उन्हें अपनी ओर से उचित एप्लीकेशन फाइल करना होगा।

# नीदरलैंड्स के 'आयरन मैन' मैक्स ओडाउड, अकेले दम पर जिताया मैच, नेपाल को 6 विकेट से हराया

नई दिल्ली। नीदरलैंड्स ने नेपाल को 6 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है. डच टीम के लिए सबसे ज्यादा रन मैक ओडाउड ने बनाए, जिन्होंने 48 गेंद में 54 रन बनाकर नीदरलैंड्स की जीत में सबसे बड़ा योगदान दिया. ओडाउड ने अपनी पारी में 4 चौके और एक छक्का लगाया. नेपाल पहले खेलते हुए 106 रन के स्कोर पर सिमट गई थी. नेपाल टीम के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान रोहित पौडेल ने बनाए, जिनके बल्ले से 37 गेंद में 35 रन की पारी निकली. नेपाल अपनी पारी में पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी. दूसरी ओर चूंकि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसलिए नीदरलैंड्स को लक्ष्य को हासिल करने में 19 ओवर लग गए. मगर अंत में नीदरलैंड्स 8 गेंद शेष रहते इस भिड़ंत में विजयी रही है.




नीदरलैंड्स के सामने केवल 107 रन का लक्ष्य था, लेकिन यूएसए की क्रिकेट पिचों ने बहुत निराश किया है. लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने 3 रन पर पहला विकेट गंवा दिया था. माइकल लेविट केवल एक रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उसके बाद मैक्स ओडाउड और विक्रमजीत सिंह के बीच 40 रन की साझेदारी हुई. पावरप्ले समाप्त होने तक नीदरलैंड्स ने एक विकेट खो कर 36 रन बना लिए थे. मगर 9वें ओवर में विक्रमजीत 22 रन बनाकर आउट हो गए. रन गति बहुत धीमी पड़ चुकी थी, इसलिए 10 ओवर में नीदरलैंड्स केवल 52 रन ही बना पाई. अगले 3 ओवरों में 19 रन आए, लेकिन 14वें ओवर में सोमपाल कामी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स इससे पहले कुछ कमाल कर पाते, तभी अबिनाश बोहरा ने उन्हें 5 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड कर दिया. आखिरी 5 ओवर में टीम को जीत के लिए 28 रनों की जरूरत थी और मैक्स ओडाउड अब भी क्रीज़ पर डटे हुए थे. आखिरी 2 ओवर में नीदरलैंड्स को 13 रन बनाने थे. मैक्स ओडाउड आखिरी ओवर तक मैच को नहीं खींचना चाहते थे, इसलिए उन्होंने बास डी लीड के साथ मिलकर 19वें ओवर में 15 रन बटोरते हुए नीदरलैंड्स को विश्व कप में पहली जीत दिलाई.

### पौडेल बने इतिहास में सबसे युवा कप्तान

बता दें कि नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच के लिए मैदान में उतरते ही रोहित पौडेल, वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे युवा कप्तान बन गए हैं. उनकी उम्र अभी 21 साल 276 दिन है।

# जानिक सिनर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

पेरिस। इटली के जानिक सिनर 10वीं सीड ग्रिगोर दिमित्रोव को लगातार सेटों में 6-2, 6-4, 7-6(3) से हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही उनका विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना तय हो गया है क्योंकि सर्बिया के नोवाक जोकोविच चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए हैं।



सिनर को नंबर एक पोजीशन हासिल करने और जोकोविच की जगह लेने के लिए फ़ाइनल में पहुंचने की जरूरत थी लेकिन उनके क्वार्टरफाइनल में दिमित्रोव के खिलाफ जीत हासिल करने और जोकोविच के टूर्नामेंट से हट जाने से उनका काम आसान हो गया।

जोकोविच को दाएं घुटने की चोट के कारण कैस्पर रुड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबले से हटना पड़ा। जोकोविच को अपनी नंबर एक पोजीशन बरकरार रखने के लिए फ़ाइनल में पहुंचना जरूरी था। इटली के सिनर इस तरह शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले 29वें खिलाड़ी और अपने देश के पहले खिलाड़ी बनेंगे।

सिनर, विश्व रैंकिंग में नंबर एक बनने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बनेंगे, का सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज या स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा।

सिनर ने इस साल के शुरू में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में अपना पहला मेजर खिताब जीता था और दिमित्रोव के खिलाफ दो घंटे 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह नियंत्रण में दिखे।

22 वर्षीय सिनर ने मैच में 29 विनर्स लगाए और चार बार दिमित्रोव की सर्विस तोड़कर उनके खिलाफ करियर मुकाबलों में 4-1 की बढ़त बना ली।

सिनर का इस वर्ष ग्रैंड स्लैम में 12-0 का रिकॉर्ड हो गया है। अपने पहले फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में सिनर का कार्लोस अल्काराज या स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा। करियर मुकाबलों में सिनर का अल्काराज के खिलाफ 4-4 का रिकॉर्ड है जबकि सितसिपास के खिलाफ वह 3-6 से पिछड़े हुए हैं।

सिनर कूल्हे की चोट के कारण रोम इवेंट से चूकने के बाद फ्रेंच ओपन में पहुंचे थे और सेमीफाइनल तक के सफर में उन्होंने अब तक मात्र एक सेट गंवाया है।

बुल्गारिया के 33 वर्षीय दिमित्रोव, जो सभी चार मेजर के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे हैं, वह प्रदर्शन नहीं दोहरा पाए जिसकी बदौलत उन्होंने चौथे दौर में ह्यूबर्ट हर्काज के खिलाफ जीत हासिल की थी।

नए नंबर एक बनाने जा रहे सिनर का इस वर्ष 33-2 का रिकॉर्ड हो गया है।

# नॉर्वे शतरंज : 8वें राउंड में कार्लसन से हारे प्राग्नानंदा

स्टावेंजर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आर्मागेडन गेम के आठवें राउंड में भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्राग्नानंदा मंगलवार को वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन से हार गए।

इस जीत में मैग्नस कार्लसन ने 14.5 अंक हासिल करते हुए पूरे एक अंक की बढ़त बनाई, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे और प्राग्नानंदा 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। हिकारू नाकामुरा ने क्लासिकल शतरंज में फिरोजा को हराया, लेकिन युवा प्रतिभा ने शानदार बचाव किया और ब्लिट्ज शोडाउन में विजयी हुए। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन भी अपने गेम में पिछड़ गए और उन्हें आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना के खिलाफ हार मिली।महिलाओं की स्पर्धा में विश्व चैंपियन जू वेंजुन ने पिया क्रैम्लिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीतकर स्टैंडिंग में बढ़त हासिल की।



इस बीच, लेई टिंगजी ने जीएम कोनेरू हम्पी को हराकर अपनी पहली क्लासिकल जीत हासिल की। वहीं वैशाली रमेशबाबू ने आर्मगेडन गेम में अन्ना मुजिचुक को हराया। दो राउंड शेष रहते, वेनजुंग 14.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि मुजिचुक 13 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इससे पहले, आर प्राग्नानंदा ने सोमवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर एक और बड़ा उलटफेर किया था।

# प्रथम पेज का शेष

***पीएम मोदी ने रचा इतिहास....***

असम गण परिषद से अतुल बोरा, आजसू से सुदेश महतो, जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा सहित एनडीए में शामिल अन्य सहयोगी दलों के भी कई नेता मौजूद रहे।

एनडीए की बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुलदस्ता भेंटकर और सभी नेताओं ने तालियां बजाकर प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। बैठक में मौजूद सभी दलों के नेताओं ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में आस्था भी व्यक्त की। पीएम मोदी के बगल में एक तरफ चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे और दूसरी तरफ जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह बैठे नजर आए।

***मोदी कैबिनेट के लिए राष्ट्रपति....***

कैबिनेट ने बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति को वर्तमान लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की सलाह दी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होना था।

***पीएम मोदी ने आज से लांच...***

ये 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है। पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1972 को यूएनजीए ने शुरू किया था। हर साल ये दिन थीम के हिसाब से मनाया जाता है। इस साल की थीम 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' रखी गई है और इस बार सऊदी अरब को मेजबान देश बनाया गया।

***400 पार का दंभ भरने वाली भाजपा ....***

राज्य में आये इस चुनाव परिणाम से निराश जरूर है, हताश नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं, नेताओं ने बढ़िया लड़ाई लड़ी, आगे भी राज्य में मजबूत विपक्ष के रूप में हम जनसरोकारों के लिये संघर्ष जारी रखेंगे। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने को प्रतिबद्ध है।

***भाजपा की हैट्रिक में विष्णु के...***

छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 सीटों और मध्यप्रदेश की 29 में से 29 सीटों में विजय हासिल कर पार्टी ने कांग्रेस का पूरी तरह सूपड़ा साफ कर दिया। ओडिशा में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 सालों से सत्ता पर काबिज नवीन पटनायक की सरकार को दर किनार कर विधानसभा चुनाव में पहली बार सत्ता हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। लोक सभा में पार्टी ने ओडिशा में 20 सीटें हासिल की है। झारखंड में भी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 सीटें हासिल की है। तेलंगाना में इस बार भाजपा की सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है। पार्टी ने वहां 8 सीटें प्राप्त की है। श्री साय ने इन सभी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ अंदरूनी क्षेत्रों में भी प्रचार किया।

मध्यप्रदेश में सिंगरौली, सीधी, शहडोल, मंडला, डिंडौरी, कटनी, पन्ना, ओडिशा में झारसुगुड़ा, कोटपा, हटबरौंदी, उमरकोट, लक्ष्मीपुर, कोंटांगी, कोरापुट, कालाहांडी, नुआपाडा, बिजेपुर, सुबडपुर, बीरमित्रपुर, सुंदरगढ़, कुचिंदा, झारखंड में पश्चिम सिंहभूम, सिमडेंगा, गुमला, जमशेदपुर, साहिबगंज, पाकुड, दुमका में श्री साय ने धुआंधार चुनाव प्रचार किया। इसी तरह तेलंगाना में उन्होंने भद्राचलम क्षेत्र में जनसभाएं और रोड-शो किए। छत्तीसगढ़ में उन्होंने सभी 11 लोकसभा सीटों में कई दौर की जनसभाएं की और रोड-शो में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा श्री साय को छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट करने के साथ-साथ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के तौर पर श्री साय के संगठनात्मक अनुभवों का लाभ लेने में भी सफल रही। पंच से मुख्यमंत्री पद तक की यात्रा के दौरान श्री साय ने अनेक राजनैतिक जमीनी अनुभव प्राप्त किए हैं। वे रायगढ़ क्षेत्र से लगातार चार बार सांसद और केन्द्रीय राज्य मंत्री भी रह चुके है। उनके व्यापक प्रभाव क्षेत्र का लाभ भाजपा को मिला है।

श्री साय छत्तीसगढ़ के जशपुर क्षेत्र के निवासी है। यह क्षेत्र ओडिशा तथा झारखंड से सटा हुआ है। मध्यप्रदेश से भी इस क्षेत्र की निकटता है। इस तरह इस पूरे क्षेत्र की संस्कृति और राजनीतिक परिस्थितियों की श्री साय को गहरी समझ है। तेलंगाना का भद्राचलम क्षेत्र छत्तीसगढ़ के कोण्टा और सुकमा जिलों से सटा हुआ है। इस पूरे क्षेत्र की आदिवासी संस्कृति और मुद्दे एक जैसे हैं। यह पूरा क्षेत्र नक्सलवाद से पीड़ित है तथा दोनों राज्यों के बीच सड़क एवं संचार कनेक्टिविटी की मांग क्षेत्र के लोग लंबे समय से करते रहे हैं।

# आज सुनील छेत्री खेलेंगे अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच, विश्व कप क्वॉलिफायर में भारत-कुवैत आमने-सामने

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को फीफा विश्वकप क्वालिफायर में कुवैत के खिलाफ साल्ट लेक स्टेडियम पर उतरेगी तो उस पर दोहरी भावनाओं का सैलाब उमड़ रहा होगा। एक तो यह दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा, दूसरा टीम को विदाई के तोहफे में हर हाल में जीत चाहिए होगी। हालांकि यह आसान नहीं होगा।



दोनों की फीफा रैंकिंग में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। भारत 121वें और कुवैत 139वें स्थान पर है। यहां मिली जीत भारतीय फुटबॉल की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। भारत जीतने पर पहली बार विश्वकप क्वालिफायर के तीसरे दौर में पहुंच सकता है और 150 अंतरराष्ट्रीय मैच में 94 गोल करने वाले छेत्री के लिए इससे बड़ा तोहफा और कोई नहीं हो सकता है।

### छेत्री का ध्यान सिर्फ मैच पर


छेत्री इस मैच को अपना अंतिम मैच मानकर दबाव नहीं बढ़ाना चाहते हैं। छेत्री कहते हैं कि वह संन्यास की घोषणा पहले कर चुके हैं और अब उनका ध्यान सिर्फ कुवैत के मैच पर है। संन्यास की बात खत्म हो चुकी है। संन्यास के बाद साथी खिलाडि?ों से मिले हुए उन्हें 20 दिन हो चुके हैं। ड्रेसिंग रूम में इस बारे में कोई बात नहीं होती है। छेत्री बीते वर्ष सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में कुवैत को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से और विश्वकप क्वालिफायर के पहले मैच में इस टीम को हराने में उल्लेखनीय भूमिका निभा चुके हैं। एक लाख दर्शकों के बीच वह यहां भी ऐसा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है भारत

भारतीय टीम की सबसे बड़ी परेशानी ग्रुप में अफगानिस्तान के साथ रहे पिछले दो मुकाबले रहे हैं। पहला मैच गोलरहित ड्रॉ छूट और दूसरा मैच उसे गुवाहाटी में निचले रैंक के अफगानिस्तान से 1-2 से हारना पड़ा। भारत के इस वक्त ग्रुप ए में 4 अंक हैं और गोल औसत के आधार पर वह कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है।

भारतीय टीम में मजबूत रक्षक संदेश झींगन भी नहीं हैं। वह चोटिल हैं, जबकि कुवैत अफगानिस्तान को 4-0 से हराकर आ रहा है। शबायब अल खालिदी और मोहम्मद दाहम अच्छी फॉर्म में हैं। इन दोनों ने मिलकर अफगानिस्तान के खिलाफ 3 गोल किए थे। भारत के खिलाफ पिछले मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुहम्मद गरीब से भी खतरा रहेगा।

# एक ऐसा देश जहां ना मच्छर है, ना सांप!



जहां भारत सहित दुनिया के कई देश मच्छरों और उनसे होने वाली बीमारियों से परेशान हैं, वहीं एक देश ऐसा भी है जहां न ही एक भी मच्छर है और न ही सांप.

इस देश में नहीं है एक भी मच्छर

दुनिया के कई देश मच्छरों से होने वाली बीमारियों और सांप के डंसने से होने वाली मौतों से परेशान हैं. मच्छरों से होने वाली मौतों से जहां हर साल लगभग 7,00,000 मौतें होती हैं, वहीं सांप के डंसने से लगभग 50 से 60 हजार लोग हर साल अपनी जान गवां देते हैं. ऐसे में क्या आप एक ऐसे देश के बारे में जानते हैं जहां आपको न ही एक भी मच्छर मिलेगा और न ही सांप या कोई कीड़े? चलिए आज हम आपको एक ऐसे ही देश के बारे में बताने जा रहे हैं.

इस देश में न ही है एक भी मच्छर न ही कोई सांप दरअसल हम बात आइसलैंड की कर रहे हैं. ये एक ऐसा देश है, जहां मच्छर, सांप और अन्य रेंगने वाले जीव नहीं पाए जाते, लेकिन यहां मकड़ियों की कुछ प्रजाति पाई जाती हैं. हालांकि इनमें से कोई भी मकड़ी इंसानों के लिए घातक नहीं होती. आइसलैंड के अलावा अंटार्कटिका भी एक ऐसी जगह है, जहां मच्छर नहीं पाए जाते.

क्यों नहीं मिलते मच्छर और सांप?

आइसलैंड में काफी ठंड पड़ती है. कहा जाता है कि यहां के मौसम के कारण यहां मच्छर और सांप जीवित नहीं रह पाते. दरअसलस यहां का तापमान -38 डिग्री तक गिर जाता है, जिसके चलते मच्छर अपनी लाइफ साइकिल पूरी नहीं कर पाते वहीं एक थ्योरी ये भी कहती है कि यहां मौसम तेजी से बदलता है यही वजह है कि यहां मच्छरों के प्यूपा को विकसित होने में पर्याप्त समय नहीं मिल पाता और उनका प्रजनन असंभव हो जाता है. आपको जानकर आश्चर्य होगा कि वेबसाइट आइसलैंड वेब ऑफ साइंस के मुताबिक, आइसलैंड के पड़ोसी देशों में मच्छर पाए जाते हैं लेकिन आइसलैंड में नहीं. कहां जाता है यहां घूमने वाले लोग बिना किसी किट या कीड़ों की चिंता किए आसानी से यहां घूम सकते हैं. हालांकि यहां पिस्सू, जूं और खटमल जैसे खून पीने वाले कीड़े होते हैं.

इनसे होता है खतरा

आइसलैंड कीड़ों, मच्छर और सांप से तो मुक्त है लेकिन यहां आर्कटिक लोमड़ी बड़ा खतरा होती है. दरअसल आइसलैंड में किसी भी जगह रात बिताने का मन करे तो मच्छरों और कीड़ों की चिंता से मुक्त होकर रात बिताई जा सकती है लेकिन यहां का सबसे बड़ा खतरा आर्कटिक लोमड़ी होती है, जो खतरनाक होती है और खाने की तलाश में इंसानों तक को खा जाती हैं.

# फलों का राजा है आम, फिर फलों की रानी कौन है?



गर्मी के मौसम में आम भला किसे पसंद नहीं होता. फलों का राजा कहा जाने वाला ये फल अपनी मिठास से दिल जीत लेता है, लेकिन कभी सोचा है कि आखिर फलों का राजा ये है तो रानी कौन है?

आम लगभग हर व्यक्ति को पसंद होता है. अपने दिल छू लेने वाले स्वाद के साथ ये फल फलों का राजा बना हुआ है. बता दें कि फलों के राजा को तो हर कोई जानता है, लेकिन फलों की रानी को ज्यादा लोग नहीं जानते. दरअसल फलों की रानी मैंगोस्टीन को कहा जाता है. ये फल थाइलैंड, मलेशिया और सिंगापुर में सबसे ज्यादा पाया जाता है. खास बात ये है कि मैंगोस्टीन थाइलैंड का नेशनल फ्रूट है. इस फल का वैज्ञानिक नाम गार्सीनिया मैंगोस्टाना है, जो ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया को भी काफी पसंद था. इसे अंग्रेज़ी में मैंगोस्टीन कहते हैं, तो हिंदी में इसे मंगुस्तान कहा जाता है. मैंगोस्टीन में एंटीऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में होता है और ये कैंसर और हार्ट की बीमारी से भी बचाता है. ऐसा कहते हैं कि सर्दी-जुकाम होने पर इसे खा लिया जाए तो काफी फायदा मिलता है.



# एक डरावनी फिल्म देखने से भी होती है कैलोरी बर्न?



शरीर के मोटापे से लोग अधिक परेशान रहते हैं. मोटापा कम करने के लिए साइकिलिंग, जिम, दौड़ना सारे उपाय किए जाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि हॉरर फिल्म देखकर भी आप कैलोरी बर्न कर सकते हैं. फिल्म देखना अधिकांश लोगों को पसंद होता है. स्मार्टफोन, इंटरनेट और ओटीटी आने के बाद से तो अब हर कोई बहुत आसानी से अपने फोन पर फिल्म देख पाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि डरावनी फिल्म देखने के बाद कैलोरी बर्न होता है. जी हां फिल्म देखने से कैलोरी बर्न होता है. आज हम आपको इसके पीछे की वजह बताएंगे.

मोटापा

आपने देखा होगा कि अधिकांश लोग मोटापा की वजह से परेशान हैं. इतना ही नहीं मोटापा की वजह से लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं. बता दें कि अधिक वजन वाले लोगों को थायराइड, डायबिटीज, दिल से जुड़ी बीमारियों समेत और भी कई घातक परेशानियों का खतरा ज्यादा रहता बना रहता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ साइकिलिंग और जिम जाने से ही वजन कम नहीं होता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक डरावनी यानी हॉरर फिल्म देखने से भी मोटापा कम होता है.

मोटापा कम करने का तरीका

वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के मुताबिक 90 मिनट की एक डरावनी फिल्म लगभग 150 कैलोरी खत्म करने में मदद कर सकती है. बता दें कि 150 कैलोरी एक क्विक जॉगिंग या 30 मिनट की पैदल यात्रा के बराबर है.

रिचर्स क्या कहती?

बता दें कि मूवी रेंटल कंपनी लवफिल्म द्वारा वित्त पोषित अध्ययन में दस प्रतिभागियों को शामिल किया गया था. जिन्होंने 3डी चश्मा पहनकर दस अलग-अलग डरावनी फिल्में देखी. इसके बाद जब उनकी हृदय गति, ऑक्सीजन इनटेक और कार्बन डाइऑक्साइड आउटपुट को मापा गया, तो शोधकर्ताओं ने पाया कि डरावनी फिल्म देखने से प्रतिभागियों की हृदय गति और मेटाबॉलिज्म में वृद्धि हुई है. इसके परिणामस्वरूप फिल्म देखने से उनकी अधिक कैलोरी बर्न हुई है. फिल्म और व्यक्ति के आधार पर खत्म हुई कैलोरी की संख्या अलग-अलग होती है, लेकिन 90 मिनट की डरावनी फिल्म में औसतन 150 कैलोरी खत्म होती है.

हॉरर फिल्मों से बढ़ता एड्रेनालाईन का स्तर

बता दें कि अध्ययन में कैलोरी बर्न के मामले में टॉप-10 डरावनी फिल्मों को भी स्थान दिया गया है. द शाइनिंग (184 कैलोरी), जॉज (161 कैलोरी), और द एक्सोरसिस्ट (158 कैलोरी) शीर्ष तीन फिल्में थी. इन फिल्मों में बार-बार चौंकाने वाले दृश्य दिखाए गए, जिससे दर्शकों की हृदय गति और एड्रेनालाईन का स्तर बढ़ गया था. विशेषज्ञ डॉ. रिचर्ड मैकेंज़ी ने समझाया कि यह तेज-प्रोसेस एड्रेनालाईन को छोड़ती है, जो तीव्र तनाव या इस मामले में डर के कारण के थोड़े समय के दौरान उत्पन्न होती है. जो भूख को कम करने, बेसल चयापचय दर को बढ़ाने और कैलोरी की मात्रा को कम करने का काम करता है.

# घर की बालकनी में रखे हैं पौधे?



कई लोग अपने घरों की बालकनियों में बहुत से पौधे लगाते हैं लेकिन इस मौसम में और उन पौधों का भी खराब होने का डर बना रहता है. ऐसे में आप इन तरीकों से बालकनी में रखे पौधों को बचा सकते हैं.

भारत के कई राज्यों में इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है. गर्मी से इंसान का बुरा हाल हुआ जा रहा है. गर्म हवाओं ने सभी को परेशान करके रखा है. इस मौसम में सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि पेड़ पौधों का भी बुरा हाल हो गया है. गर्मी ने घर में रखे पौधों को भी मुरझा दिया है.

कई लोग अपने घरों की बालकनियों में बहुत से पौधे लगाते हैं लेकिन इस मौसम में और उन पौधों का भी खराब होने का डर बना रहता है. ऐसे में आप इन तरीकों से बालकनी में रखे पौधों को बचा सकते हैं. आप पौधों को सुबह शाम दोनों वक्त पानी दे सकते हैं.

गर्मियों में पौधों में खाद न डालें. सिर्फ घर पर बने ही लिक्विड फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करें. आप पौधों पर केओलिन का छिड़काव भी कर सकते हैं.

पौधों को लू से बचने की व्यवस्था करें. उन तक सीधी गर्म हवा ना आ पाए उन्हें ऐसी जगह सेट करें. आप चाहे तो दिन में ज्यादा गर्मी पड़ने पर दो-तीन बार पानी स्प्रे भी कर सकते हैं.

आपके पौधे गमले में रखे हैं. तो दोपहर को जब ज्यादा धूप आती है. तो आप उन्हें ऐसी जगह रखते हैं रख सकते हैं जहां कम धूप आती हो.

# हमारा शरीर पूरे दिन ऑक्सीजन लेता है, फिर सबसे ज्यादा खपत शरीर का कौनसा हिस्सा करता है?

हमारा शरीर पूरे दिन सांस लेता है, एक दिन में हम 22000 बार सांस लेते और छोड़ते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारे शरीर के कौन सा हिस्से में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचती है? ऑक्सीजन हमारे शरीर और मस्तिष्क के लिए बहुत जरूरी है. यदि हमारे शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन न मिले तो हमारी मौत भी हो सकती है. पृथ्वी पर ऑक्सीजन है इसीलिए जीवन संभव है, लेकिन क्या कभी सोचा है कि हमारा शरीर दिन में 22,000 बार ऑक्सीजन लेता है, ऐसे में क्या कभी आपके मन में ये सवाल आया है कि आखिर शरीर के किस हिस्से में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचती होगी? यदि नहीं तो चलिए जान लेते हैं.

शरीर के किस हिस्से में पहुंचती है सबसे ज्यादा ऑक्सीजन?

वैसे तो हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन की बहुत जरूरत होती है, लेकिन शरीर में ऑक्सीजन की सबसे ज्यादा खपत लीवर, मस्तिष्क और हृदय शरीर में होती है. हमारे शरीर में पहुंचने वाली कुल ऑक्सीजन का 20.4% हिस्सा लीवर, मस्तिष्क 18.4% और हृदय 11.6% खपत करता है. संपूर्ण कंकाल की मांसपेशी मिलकर 20%,



गुर्दे 7.2% और त्वचा 4.8% की खपत करती है. शरीर की बाकी सभी अंग 17.6त्न का उपयोग करते हैं.

शरीर में कैसे पहुंचती है ऑक्सीजन?

हमारे शरीर में ऑक्सीजन रक्त कोशिकाओं के माध्यम से पहुंचती है. दरअसल इन लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर हीमोग्लोबिन अणु ऑक्सीजन लेते हैं.

ये ऑक्सीजन युक्त कोशिकाएं फेफड़ों से हृदय के बाईं ओर रक्त वाहिकाओं में पहुंचती हैं. फिर रक्त पूरे शरीर में पंप माध्यम से पहुंचता है. बता दें कि लाल रक्त कोशिकाएं ऑक्सीजन के परिवहन के लिए अनुकूलित होती हैं.

कैसे होता है सांस लेने और छोड़ने का कार्य?

सांस लेने की प्रक्रिया में फेफड़े हवा लेते हैं. ऑक्सीजन निकालते हैं. इसके बाद इसे रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रवाहित करते हैं. इस प्रक्रिया के बाद ऑक्सीजन को ऊतकों और अंगों तक ले जाया जाता है. हमारे फेफड़े भी हमारे रक्त से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और जब हम सांस छोड़ते हैं तो इसे हवा में छोड़ देते हैं. दरअसल हमारा दिमाग ये नियंत्रित करता है कि हमारे फेफड़े कितनी तेजी से हवा खींचते हैं. जब हम व्यायाम करते हैं या फिर खेलते-कूदते हैं तो हमारा मस्तिष्क फेफड़ों को तेजी से काम करने के लिए कहता है. वहीं जब हम सो रहे होते हैं या आराम कर रहे होते हैं, तो हमारे फेफड़े काफी धीमी गति से कार्य करने लगते हैं. इसके अलावा जब फेफड़े संक्रमित हो जाते हैं तो सारे शरीर पर इसका गंभीर असर दिखाई देता है.

# घर में भी होता है प्रदूषण



भारत के कई शहरों में तेज गर्मी और लू चल रही है. ऐसे में बहुत से लोग अपने घरों को लू आदि से बचाने के लिए दरवाजे और खिड़कियों आदि को बंद रखते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर के अंदर प्रदूषण होता है, जिससे बचना चाहिए. इसको लेकर डायसन के डिजाइन इंजीनियर अक्षय कृष्णा ने कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

लू के साथ हवा की क्वालिटी खराब होती चली जाती है. हल्की हवा और बारिश बिल्कुल न होने के कारण हवा में प्रदूषण के कण साफ नहीं हो पाते हैं और जमीन में ऊपरी वातावरण में इकट्ठे होते रहते हैं. अत्याधिक तापमान की वजह से जंगल में आग फैलती है, जिससे त्कद्ब का स्तर और ज्यादा बढ़ जाता है.

डायसन ग्लोबल कनेक्टेड डेटा की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में आधे से ज्यादा साल के लिए पीएम 2.5 औसत वार्षिक स्तर पर दर्ज हुआ है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक ज्यादा है.

घर के अंदर हवा में फॉर्मलाडेहाइड

फॉर्मलाडेहाइड एक रंगहीन गैस है, जो एक रसायन है. यह घर के अलग-अलग सामानों से निकलती है. फर्नीचर और लकड़ी के उत्पादों में फॉर्मलाडेहाइड पर आधारित रेज़िन, जैसे प्लाइवुड और फाइबरबोर्ड, इंसुलेटिंग सामग्री, डू-इट-योरसेल्फ उत्पाद, जैसे पेंट, वॉलपेपर, वार्निश, और घरेलू सफाई के उत्पाद, इन सभी से फॉर्मलाडेहाइड गैस निकलती है.

लू में ज्यादा निकलती हैं विषैली गैस

लू के मौसम में इस विषैली गैस के निकलने की दर बहुत ज्यादा हो जाती है, जिसके कारण घर के अंदर इस गैस की मात्रा बढ़ जाती है. इसलिए घर के अंदर हवा के प्रदूषण को दूर करने के लिए प्रभावशाली उपाय किए जाने बहुत जरूरी हैं.

प्यूरिफायर की भी ले सकते हैं मदद

डायसन प्यूरिफायर कूल फॉर्मलाडेहाइड ञ्जक्क 09 अपने इंटेलीजेंट सॉलिड स्टेट सेंसर की मदद से न केवल हवा में मौजूद फार्मेलिडहाइड की पहचान करता है, बल्कि डायसन के सलेक्टिव कैटालिटिक ऑक्सिडाईज़ेशन (एससीओ) फिल्टर द्वारा इसे खत्म भी कर देता है. इसकी इंटेलीजेंट एलगोरिद्म अन्य वीओसी में से फॉर्मलाडेहाइड को बहुत सटीकता से पहचान लेती है.

घर में डेली एक्टिविटी से प्रदूषण होता है

घर के अंदर डेली एक्टिविटी से प्रदूषण होता है, बाहर का प्रदूषण भी घर में एंटर करता है. घर के अंदर की सतहों से भी प्रदूषण करने वाले कण निकलते रहते हैं, जिसके कारण प्रदूषण के कणों का एक जटिल मिश्रण बन जाता है.तपती लू में ये कैमिकल एक्टिविटी और ज्यादा तेजी से होती हैं.

एयर प्यूरिफायर से होगा फायदा

एयर प्यूरिफायर की मदद से घर के प्रदूषण को दूर करने में मदद मिलेगी. आधुनिक फिल्ट्रेशन तकनीकें जैसे हेपा और कार्बन फिल्टर बड़ी संख्या में प्रदूषण के कणों, जैसे धूल, पॉलेन, पालतू जानवरों के डैंडर, धुएं, और वीओसी को साफ कर सकते हैं. डायसन की लेटेस्ट मशीनें फुल-मशीन हेपा फिल्ट्रेशन प्रदान करती हैं ताकि उनके अंदर जाने वाले प्रदूषण के कण वापस बाहर न आ सकें.

# छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में भी चला सीएम साय का जादू

रायपुर (दावा)। देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 10 सीटों सहित पूरे देश में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन ने 293 सीटों पर जीत हासिल की है। इसके साथ ओडिशा विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा ने बहुमत हासिल किया है, तो दूसरी ओर आंध्रप्रदेश विधानसभा चुनाव में भी एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और ओडिशा में भाजपा की प्रचंड जीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का अहम योगदान रहा। उन्होंने जहाँ-जहाँ सभाएं की वहां अधिकतर जगहों में भाजपा का परचम लहराया। श्री साय का छत्तीसगढ़ में 91 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 100 प्रतिशत और ओडिशा में 86 प्रतिशत सक्सेस स्ट्राइक रेट रहा। इसलिए लोग अब विष्णु देव साय को सुपर स्ट्राइकर सीएम की संज्ञा दे रहे हैं।

### यह जीत संगठन की मेहनत और जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल है - सीएम साय

मेहनत का कोई विकल्प नहीं का सूत्र वाक्य अंगीकार कर चुनावी महासमर में सफलता के नए आयाम तक पहुंचने वाले सीएम साय इसका श्रेय संगठन के कार्यकर्ताओं और जनता को देते हैं। उनका कहना है कि भीषण गर्मी की परवाह न कर कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की। संगठन के हर नेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, जिसका नतीजा सामने है। वह यह नहीं बताते कि पूरे चुनावी यात्रा में उसी भीषण गर्मी से उन्हें भी दो-चार होना पड़ा। अपनी मेहनत पर उन्हें चर्चा पसंद नहीं वे इसे अपना कर्तव्य मानते हैं। जनता से मिले आशीर्वाद को सिर झुका कर स्वीकार करने वाले सीएम साय की यही नम्रता और सरलता उनके सियासी कद को बड़ा बनाती है।

### छ.ग.में 91 प्रतिशत रहा सक्सेस स्ट्राइक रेट

छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में श्री साय ने कुल 64 जनसभाएं एवं रोड शो की। जहाँ उन्होंने बस्तर लोकसभा में 7 जनसभा और रोड शो किया। दूसरे चरण के अंतर्गत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में कुल 15 जनसभाएं की। इन चारों लोकसभा सीटों में भाजपा ने जीत दर्ज की। तीसरे चरण की बची हुई 7 सीटों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सरगुजा और कोरबा में सीएम साय ने कुल 42 जनसभाएं की। जिसमें कोरबा लोकसभा में मामूली अंतर से हुई हार को छोड़ दें तो ग्यारह में से 10 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की और अपना परचम लहराया। अगर इसका विनिंग प्रतिशत निकालें तो मुख्यमंत्री साय की सभाओं का सक्सेस रेट 91 प्रतिशत रहा। मतलब सीएम साय सुपर स्ट्राइकर साबित हुए और अपने तूफानी दौरों की बदौलत से कांग्रेस के पसीने छुड़ा दिए। अपनी हर सभा में कांग्रेस को सबक सिखाने की बात करने वाले सीएम साय ने कांग्रेस को गहरा सबक सिखाया।

**लोग दे रहे हैं सुपर स्ट्राइकर सीएम की संज्ञा**






### ओडिशा के 86 प्रतिशत सक्सेस स्ट्राइक रेट ने बढ़ाया सीएम साय का सियासी कद

सीएम साय ने ओडिशा में भी जमकर पसीना बहाया। यहाँ सात लोकसभा सीटों में उन्होंने तूफानी जनसभाएं ली और भाजपा को 6 लोकसभा सीट बरगढ़, बलांगीर, कालाहांडी, नबरंगपुर, संबलपुर और सुंदरगढ़ सीटें जिताकर दी। विधानसभा स्तर पर भी यदि देखें तो यहाँ झारसुगुड़ा, कोटपाड़, उमरकोट, कोरापुट, तलसरा, बीजेपुर, बीरमहाराजपुर और कुचिंदा सीट को मिलाकर कुल आठ विधायक भी जिताने में वो कामयाब रहे। यहाँ लोकसभा चुनाव में उनका सक्सेस स्ट्राइक रेट 86 प्रतिशत रहा।

बता दें कि ओडिशा की अपनी हर जनसभा में श्री साय वहां की बीजेडी सरकार और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मुखर रहे। उन्होंने ओडिशा की जनता को भाजपा द्वारा दी गई गारंटियों को बड़े ही विस्तार से बताया। नवीन पटनायक को रिमोट कंट्रोल सीएम और कांग्रेस को आदिवासियों का विरोधी बताते हुए ओडिशा के विकास में बाधक होने की बात कही। ओडिशा में श्री साय की हर जनसभाओं में जनता की भारी भीड़ उमड़ी, जो चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट के रूप में फलीभूत हुई।

### मध्यप्रदेश में 100 प्रतिशत रहा सक्सेस स्ट्राइक रेट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पडोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी 8 जनसभाएं की। जिसमें कुल चार लोकसभा सीट खजुराहो, शहडोल, मंडला, सीधी में उन्होंने मोर्चा संभाला। इन चारों सीटों पर भी भाजपा ने बम्पर मतों से जीत हासिल की है। इसमें मुख्यमंत्री की सभाओं का सक्सेस रेट देखें तो पूरे सौ प्रतिशत का सक्सेस रेट है।

### विष्णु ने जिम्मेदारियों का किया निष्ठा पूर्वक निर्वहन

केंद्रीय भाजपा द्वारा मिली जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विष्णु देव साय छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत में अहम किरदार साबित हुए और मोदी जी की रणनीति को सफल बनाने में कामयाब हुए। इससे उनके सियासी कद में वृद्धि हुई, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## विश्व पर्यावरण दिवस : मुख्यमंत्री ने सपरिवार अपने निवास परिसर में रोपा नीम, रुद्राक्ष और चीकू का पौधा



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय एवं परिवार जनों के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में और आस-पास पौधा लगाने और पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डीएफओ लोकनाथ पटेल, एसडीओ व्ही. एन. मुखर्जी एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सांसद संतोष पाण्डेय दिल्ली रवाना



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के जारी नतीजों के उपरांत भाजपा ने पूरे देश में सबसे बड़ी पार्टी के रूप मजबूती से बढ़त ली है।

छत्तीसगढ़ के सबसे हॉट सीट माने जाने वाले राजनांदगांव लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हार सामना करना पड़ा है। वहीं लगातार दूसरी बार राजनांदगांव लोकसभा जीतकर सांसद संतोष पांडेय ने इतिहास रचा है। छत्तीसगढ़ की दस सीट जीतकर भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की है। उसी तारतम्य में जीते हुए सभी सांसदों को 18वीं लोकसभा के गठन हेतु दिल्ली बुलाया गया है। आज प्रातः दिल्ली प्रस्थान करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे है, जनता ने भाजपा पर भरोसा जताकर विकास के पथ पर देश को अग्रणी होने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

## 11 में से 10 सीटों पर कमल खिलना भाजपा और मोदी जी पर छत्तीसगढ़ की जनता का अटूट विश्वास : विजय शर्मा



**उप-मुख्यमंत्री ने भाजपा की शानदार जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का जताया आभार**

रायपुर (दावा)। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता जनार्दन ने एक बार फिर राष्ट्र की बागडोर महानायक नरेंद्र मोदी जी को सौंपने का आदेश दिया है। माननीय मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे।

उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 में से 10 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक जीत पर मतदाताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा है, छत्तीसगढ़ की जनता को कोटि कोटि नमन है, जिन्होंने भरपूर आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर भाजपा और मोदी जी पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

पिछले चुनाव में हमें 9 सीटें मिली थीं, हमारे केंद्रीय नेताओं के कुशल मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हमने न केवल अपनी सभी सीटें बरकरार रखीं, बल्कि उसमें एक और बढ़ोतरी कर ली। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने इतिहास बनाया है आजाद भारत में केवल दूसरी बार हुआ है कोई व्यक्ति लगातार तीसरी बार सरकार बना रहे हैं।

## सीएम साय ने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात कर उनको जन्मदिन की बधाई और उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। शुभकामना के लिए योगी आदित्यनाथ ने सीएम साय का आभार जताया। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछा और समसामयिक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की। गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ का आज जन्मदिन है। वे गुरु गोरक्षनाथ धाम के पीठाधीश्वर भी हैं।

## नौ जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे प्रेम सिंह तमांग



**प्रचंड जीत के लिए जनता का किया आभार**

गंगटोक। सिक्किम विधानसभा चुनावों में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने जीत हासिल की है। पार्टी ने राज्य की एक सीट छोड़कर सभी सीटें जीत ली हैं। इस बीच, बुधवार को एसकेएम सुप्रीमो प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को कहा कि वे नौ जून को दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। तमांग और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह राजधानी गंगटोक स्थित पलजोर स्टेडियम में होगा।

शपथ ग्रहण समारोह के बारे में तमांग ने आगे कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। लोगों के अलावा, एसकेएम कार्यकर्ता भी समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने एक बार फिर जनता का आभार जताया, जिन्होंने बड़ी संख्या में एसकेएम सदस्यों को विधानसभा पहुंचाया। तमांग ने कार्यकर्ताओं के समर्पण और उनकी कड़ी मेहनत को भी सराहा। उन्होंने कहा कि पार्टी को कार्यकर्ताओं के कारण ही चुनावों में भारी जीत मिली। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वे लोकसभा में एनडीए के साथ हैं। उनके सांसद इंद्र हंग सुब्बा केंद्र में एनडीए का हिस्सा होंगे।

प्रेम सिंह तमांग का जन्म 5 फरवरी 1968 को पश्चिम सिक्किम के सिंग्लिंग बस्ती में हुआ था। उनके पिता का नाम कालू सिंह तमांग और मां का नाम धन माया तमांग है। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद तमांग ने 1988 में दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। राजनीति में आने से पहले तमांग सरकारी शिक्षक थे। हालांकि, शिक्षक की नौकरी के बदले उनकी सामाजिक कार्यों में अधिक रूचि रही। इसी वजह से उन्होंने बाद में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) की राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया और पार्टी के सदस्य बन गए। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और एसडीएफ के स्थाई सदस्य बन गए। चामलिंग, एसडीएफ के संस्थापक रहे पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे।

वर्ष 1994 में तमांग ने अपने जीवन का पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। एसडीएफ के टिकट पर सोरेंग चाकुंग सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने पहली जीत भी दर्ज की। 1994 से 1999 तक वे पशुपालन, चर्च और उद्योग विभाग के मंत्री रहे। 1999 के विधानसभा चुनाव में वे एक बार फिर से सोरेंग चाकुंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। वर्ष 1999 से लेकर 2004 तक उन्होंने राज्य के उद्योग और पशुपालन मंत्री के रूप में कार्य किया। दरअसल, उन्होंने एक बार फिर से चाकुंग निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतीश मोहन प्रधान को हराकर जीत दर्ज की। इसी के साथ वे राज्य के भवन एवं आवास विभाग के मंत्री बने। 2009 में प्रेम सिंह तमांग ने अपर बुर्तुक से चुनाव लड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार राय को मात दी। चुनाव के तुरंत बाद उन्हें उद्योग विभाग का अध्यक्ष चुना गया हालांकि, उन्होंने अध्यक्ष के रूप में काम नहीं किया।




राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव संस्कारधानी क्षेत्र में शानदार ऐतिहासिक जीत के लिए संतोष पांडे को जीत की बधाई देते हुए अटल मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं साथ में उनके सुपुत्र संस्कार शर्मा।

## लोकसभा निर्वाचन निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर कलेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त किया

**सभी ने सजगतापूर्वक निभाया अपना दायित्व**



राजनांदगांव (दावा)। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में मिले सहयोग के लिए आम मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। लोकतंत्र के इस पर्व में आम मतदाताओं की व्यापक तौर पर हिस्सा लिया। प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में पूरा सहयोग मिला। लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मीडिया की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। मीडिया प्रतिनिधियों से निर्वाचन में सकारात्मक सहयोग मिला। सुरक्षा बल के जवानों ने पूरी मुस्तैदी के साथ मतदान कार्य संपन्न कराया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए जवानों ने दिन-रात और कड़ी धूप और गर्मी में निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम भावना से जिम्मेदारी के साथ निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सजगतापूर्वक दायित्व निभाया।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, मतगणना कार्य में ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं अन्य सभी जन को अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव जिले के अलावा कबीरधाम, खैरागढ़-गण्डई-छुईखदान, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।


आवश्यकता है

रात्रिकालिन चौकीदार की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726







## राजनांदगांव विधानसभा की जनता बनी पांडेय की खेवनहार

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव 2024 का चुनाव राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिहाज से सबसे रोचक रहा। चार जिलों के मतदाताओं ने चुनावों में अपना मतदान का किया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस से और वर्तमान सांसद संतोष पांडे भाजपा के उम्मीदवार थे। संतोष पांडे के सामने चुनौती तो थी लेकिन संतोष पांडेय ने कभी भूपेश बघेल को चुनौती नहीं माना, हर सभा एवं मीडिया में कहते हैं, नजर आए मेरे लिए भूपेश बघेल कोई चुनौती नहीं है।

### राहुल गांधी भी लड़ ले तो राजनांदगांव की जनता सबक सिखाएगी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी हर जगह बात कहते नजर आए कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की सरकार में लगातार राजनांदगांव को उपेक्षित करने का आरोप लगातार लग रहे थे, कई ऑफिसों का शिफ्टिंग कर राजनांदगांव जिले के लिए अपेक्षापूर्ण काम किया। डॉ. रमन सिंह एवं अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव लगातार इस बात को अपने प्रमुखता से रखा। जिसका परिणाम है कि राजनांदगांव विधानसभा से सबसे ज्यादा लीड संतोष पांडे को मिली या कहा जाए तो राजनांदगांव विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की रणनीति की परिणाम है कि राजनांदगांव विधानसभा में सबसे ज्यादा लीड रहा।

चार विधानसभा में विधायक मोदी के चेहरे पर लड़ा गया, भाजपा का लोकसभा चुनाव संतोष पांडे को पुनः जीत दिलाने में कारगर साबित हुआ। जहां तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कहीं ना कहीं स्थानीय कार्यकर्ताओं की बाहरी प्रत्याशी को लेकर नाराजगी के चलते भारी नुकसान हुआ। राजनांदगांव विधानसभा में सबसे करारी हार भूपेश के खाते देखी गई। संतोष पांडे के कैंपेनिंग में केंद्रीय नेताओं और बड़े लीडर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हराना निश्चित रूप से राजनीतिक लोगों को और बुद्धिजीवों को डॉ. रमन सिंह का चुनाव याद आ जाता है। जिन्होंने बेहद ही लो-प्रोफाइल में रहकर पूर्व मुख्यमंत्री रहे मोतीलाल वोरा को हराया था, जिसके इनाम स्वरूप उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला था। केंद्र की सरकार शायद संतोष पांडे की हाल फिलहाल परिस्थितियों में केंद्रीय प्रतिनिधित्व मिलेगा और कि वह नहीं ये देखने वाली बात है।



**विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने निभाई महती जिम्मेदारी**

राजनांदगांव लोकसभा सीट से जहां कांग्रेस ने हार का स्वाद चखा इसका मुख्य कारण है, बाहरी लोगों पर अतिविश्वास, राजनांदगांव मुख्यालय में न चुनाव ऑफिस बनाये, न ही मीडिया को पूरा अपडेट दे पाए, कब राजनादगांव आते हैं थे चले जाते हैं थे इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाती थी। हार के कारण में कांग्रेस का पूरे चुनाव में मिस मैनेजमेंट रहा। स्थानीय लोगों पर भरोसा न करके बाहरी लोगों पर भरोसा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सहित पूर्व सांसदद्वय अभिषेक सिंह व मधुसूदन यादव लगातार प्रेस कांफ्रेंस लेकर आरोप लगाते रहे है भूपेश बघेल कई ऑफिस को लेकर दुर्ग ले गए। राजनांदगांव की जनता में ये बात बैठाने पूरी तरह सफल भी रहे कि भूपेश बघेल राजनांदगांव की जनता के साथ बदलापुर की राजनीतिक करते है।

यही कारण है कि भाजपा के संतोष पांडेय जीत का सेहरा पहने है, लेकिन सबसे बड़ा पहलू यह भी है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुज्जी एवं पंडरिया एवं मोहला-मानपुर में सबसे ज्यादा लेकर आए हैं, मोहला मानपुर में तो लगभग 40000 का लीड रही, वही कद्दावर नेता गृहमंत्री विजय शर्मा के गढ़ में भी कांग्रेस को बढ़त मिली है। पंडरिया में भी कुल मिलाकर देखा जाए तो अगर राजनांदगांव विधानसभा की जनता बराबर बराबर में भी दोनों पार्टियों को मतदान करती, तो कहीं ना कहीं भूपेश बघेल का पलड़ा भारी हो सकता था।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com